॥ वन्देमातरम् ॥



संस्कार

सहयोग सेवा

सम्पर्क समर्पण

तमसो मा ज्योतिर्गमय

स्था. 1963

Reg. No. S-2272



# भारत विकास परिषद्

## राजस्थान (मध्य) प्रान्त

का मुख पत्र

वर्ष 2020-21

अंक जनवरी-मार्च

# नई दिशा







नए प्रान्तीय दायित्वधारी




बेटी है तो सृष्टि है कार्यक्रम

स्वच्छ - स्वस्थ - समर्थ - संस्कारित भारत

## अध्यक्षीय लेखनी



आदरणीय बन्धुओं,

नवसंवत्सर की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं । नव संवत्सर आप सभी का सपरिवार मंगलमय हो और आप हमेशा ऊर्जावान रहकर परिषद् के उद्देश्यों को नए शिखर पर पहुंचाएँ। प्रान्तीय अध्यक्ष के दायित्व निर्वहन में आप सभी का सहयोग व समर्थन मिला इसी का परिणाम है कि प्रांत ने सेवा और संस्कार के कार्यों से समाज और पूरे देश में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है। इसके लिए केन्द्र, रीजन, प्रान्त, शाखा व सभी समर्पित कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व धन्यवाद।

इस वर्ष की प्रान्तीय परिषद् सभा में वर्ष 2021-22 के लिए चुने गए नये दायित्वधारियों, प्रान्तीय कार्यकारिणी व शाखा दायित्वधारियों का में स्वागत करता हूँ और आशा करता हूँ कि आने वाले वर्षों में आपके कुशल नेतृत्व व सभी समर्पित सदस्यों के सकारात्मक सहयोग से राजस्थान मध्य प्रांत आदर्श प्रान्त से सर्वश्रेष्ठ आदर्श प्रान्त बनेगा। आशा है केन्द्र व रीजन के मार्गदर्शन में यह सकारात्मक गति आने वाले वर्षों में भी निरंतर जारी रहेगी। मैं कार्यकर्ता के रूप में परिषद् में सेवा एवं संस्कार के कार्यों में अपनी सेवाएँ सदैव देता रहूँगा।

**कैलाश अजमेरा**
प्रान्तीय अध्यक्ष
9414115724

## सम्पादकीय.....



आदरणीय बन्धुओं,

नव संवत्सर 2078 की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं । नव संवत्सर आप सभी के लिए सपरिवार मंगलमय हो। प्रान्तीय परिषद् बैठक में वर्ष 2021-22 के लिए प्रान्तीय अध्यक्ष का दायित्व मुझे दिया गया उसके लिए वरिष्ठ नेतृत्व एवं प्रान्तीय परिषद् का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ तथा विश्वास दिला हूँ कि आने वाले वर्ष में केन्द्रीय व रीजनल नेतृत्व द्वारा दिये गये सेवा एवं संस्कार के सभी कार्यों से शाखाओं के माध्यम से पूरा करने का प्रयास करूंगा, साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों से आशा करता हूँ कि आपके ऊर्जावान कार्यों के माध्यम से केन्द्र व रीजन में जो स्थान राजस्थान मध्य प्रान्त का पिछले वर्षों में रहा है वो स्थान इस वर्ष भी हम मिलकर कायम रख सकेंगे।

प्रान्त की इस त्रैमासिक पत्रिका **नई दिशा** के माध्यम से सभी शाखाओं को कार्य करने की नई ऊर्जा मिलती रहेगी, ऐसा मैं विश्वास रखता हूँ।

आप सभी के स्नेह व सहयोग की अपेक्षा में...

**पारसमल बोहरा**
प्रान्तीय उपाध्यक्ष
9414111590



## महासचिव की कलम से ....

# होली पर्व एवं नवसंवत्सर की हार्दिक शुभकामनाएं।

आप स्वस्थ, प्रसन्न एवं समृद्ध रहते हुए सेवा व संस्कार निर्माण के महान लक्ष्य में अपना सहयोग देते रहें।

प्रान्तीय महासचिव के दायित्व के निर्वहन में आप सभी का भरपूर सहयोग, समर्थन, विश्वास व स्नेह प्राप्त हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप आपके प्रांत ने सेवा और संस्कार के कार्यों से समाज और पूरे देश में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है, इसके लिए आप सभी का हृदय से आभार। वर्ष 2021-22 के लिए आप द्वारा पुनः सौंपे गये प्रान्तीय महासचिव के दायित्व का आपके पूर्ववत सहयोग, समर्थन, विश्वास व स्नेह से पूर्ण क्षमता व सामर्थ्य से निर्वहन करने का प्रयत्न करुंगा।

प्रांत के सभी चुनाव पर्यवेक्षक बंधुओं का भी हृदय से आभार, जिन्होंने निर्धारित तिथि से पूर्व प्रांत की लगभग सभी शाखाओं में सत्र 2021-22 के लिए चुनाव की प्रक्रिया को पूर्ण कर समस्त जानकारी प्रांतीय कार्यालय को प्रेषित कर अपना शत-प्रतिशत सहयोग प्रदान किया।

यदि समाज में महिलाओं की ताकत का उपयोग सही दिशा में होता है तो आश्चर्यजनक नतीजे सामने आते हैं। व्यापार-उद्योग जगत हो या सामाजिक क्षेत्र अथवा रचनात्मकता, हर कहीं महिलाओं ने अपनी अलग पहचान स्थापित की है। इसका साक्षात उदाहरण इस वर्ष मातृशक्ति द्वारा प्रकल्पों के अद्‌भुत क्रियान्वयन एवं नेतृत्व क्षमता के गुण को दर्शाते हुए महिला सशक्तिकरण वर्ष में चरितार्थ होता दिखता है। उड़ान सप्ताह में बेटी है तो सृष्टि है और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत मातृशक्ति की कलात्मकता, रचनात्मकता, बौद्धिक समृद्धता, आत्मनिर्भरता, आध्यात्मिकता और सेवा भाव का परिचय हमें मिला। वर्ष 2021-22 के लिए शाखाएं अपने कार्यकारिणी गठन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएं और प्रकल्पों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण दायित्व देते हुए सहयोग लेवें, निश्चय ही परिणाम सुखद होंगे।

गलत व्यक्ति का चयन हमें प्रभावित करें ना करें परंतु सही व्यक्ति की उपेक्षा अवश्य प्रभावित करती है, अतः शाखा कार्यकारिणी गठन में समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मिलित करते हुए संगठन के लिए श्रेष्ठ परिणाम की अपेक्षा रख कार्यकारिणी का गठन करें। शाखाओं के संचालन में लेखा पुस्तिका और आयकर नियमों के अनुपालना का विशेष महत्व है। शाखाओं से वर्ष 2020-21 की बैलेंस शीट 31 मई 2021 तक प्रांत को प्रेषित करने और एओपी व पैनकार्ड 30 अप्रेल 2021 तक अनिवार्य रूप से लेना अपेक्षित है। वर्ष 2019-20 में आपके प्रांत को पूरे राष्ट्र में सर्वाधिक सदस्यता का गौरव प्राप्त हुआ, परंतु करोना काल के समय जिवंत संपर्क के अभाव में हमारे कुछ साथी बंधु हमसे जुड़ नहीं पाए। सत्र 2021-22 में हमारा मुख्य लक्ष्य पुराने साथियों के साथ-साथ समाज के यशस्वी, संपन्न एवं प्रबुद्ध वर्ग को परिषद् से जोड़ना है और **इस बार 3000 के पार** के लक्ष्य को पूरा करना है। वर्ष 2019-20 की सदस्यता संख्या को आधार बनाकर उसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि के लक्ष्य के साथ योजना बनाकर आगे बढ़ेंगे तो निश्चय ही सफलता प्राप्त होगी। प्रांत के प्रत्येक तहसील व नगर में परिषद की शाखा हो इस परिकल्पना को भी पूरा करने का हमें प्रयास करना है।

**क्या हार में क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं**
**कर्तव्य पथ पर जो मिला, यह भी सही वह भी सही**
**वरदान नहीं मांगूंगा, जो कुछ भी हो, पर हार नहीं मानूंगा।**

सीए संदीप बाल्दी
प्रान्तीय महासचिव
9829851444

# प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठक



प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन झुम ऐपलिकेशन के माध्यम से 10.01.2021 को श्री ड़ी. ड़ी. शर्मा जीकी अध्यक्षता व श्री अजय जी दत्ता और त्रिभुवन जी शर्मा के मार्गदर्शन में ऑनलाईन आयोजित की गई।

प्रान्तीय महासचिव सीए संदीप बाल्दी द्वारा गत कार्यकारिणी बैठक दिनांक 16 अगस्त 2020 के प्रस्तावों का पठन। सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन। ऑनलाइन एकलगान प्रतियोगीता के प्रांतीय संयोजक श्री दिलीप जी पारीक, भारत को जानो प्रतियोगिता प्रांतीय संयोजक श्री मुकेश जी लाठी, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन प्रकल्प संयोजक श्री दयाल जी अरोड़ा व रक्तदान-नेत्रदान के प्रांतीय संयोजक देवराज जी सुरतानिया द्वारा वर्ष 2020-21 में संपादित प्रकल्पों/कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रांतीय वित्तसचिव श्री सुधीर जी व्यास ने सदन के समक्ष दिनांक 1.4.2020 से 09.01.2021 तक का वित्तीय विवरण सदन पटल पर रखा।

प्रान्तीय महासचिव ने नेशनल काउंसिल के निर्देशों पर योजना प्रस्तुतिकरण किया, जिसमें नेशनल काउंसिल बैठक में प्रस्तावित कुछ मुख्य बिंदु जिन पर शाखा के दायित्वधारियों को कार्य करना है। प्रांतीय महासचिव ने सदन को बताया कि शाखाओं के 5 वर्ष से अधिक पुराने कार्यकर्ताओं की सूची एवं 4 वानप्रस्थी कार्यकर्ताओं की सुची राष्ट्रीय मंत्री के माध्यम से रीजन व केन्द्र को प्रेषित कर दि गई है।

प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री पारस जी बोहरा ने सदन में निवेदन किया कि विवेकानंद शाखा द्वारा परिषद् भवन भीलवाड़ा में फिजियो थैरेपी सेंटर प्रारंभ किया जा रहा है जिसकी पूंजीगत संसाधनों के सहयोग हेतु केंद्रीय अनुदान राशि के लिए शाखा द्वारा प्रस्ताव प्रांत को भेज दिया गया है इस संदर्भ में प्रगति से अवगत कराया जाए। इस विषय पर महासचिव ने बताया कि प्रांत के पास विवेकानंद शाखा भीलवाड़ा के थेरेपी सेंटर और सुभाष शाखा भीलवाड़ा के पुस्तकालय हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिन्हें प्रांतीय अनुशंसा के साथ राष्ट्रीय मंत्री के माध्यम से रीजनल दायित्वधारियों को प्रेषित कर दिया गया।

नेशनल कोऑर्डिनेटर श्री अजय जी दत्ता ने अपने उद्‌बोधन में प्रांत के स्थाई प्रकल्पों की चर्चा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की, साथ ही नेशनल काउंसिल के निर्देशानुसार आने वाले 3 वर्षों की योजनाओं पर कार्य करने व शाखा विस्तार हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। अपने उद्‌बोधन में वर्ष 2016 में अजमेर में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान मध्य प्रांत के सभी श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की कार्यशैली को उस समय बहुत करीब से जानने का अवसर मिला और आज जब उस अधिवेशन की सफलता के रूप में अजमेर शहर में परिषद् भवन का निर्माण की चर्चा नेशनल काउंसिल में की गई तब आत्म संतुष्टि और हर्ष का अनुभव हुआ। प्रांत में चल रहे स्थाई प्रकल्प की जानकारी के जवाब में प्रांतीय महासचिव ने बताया कि राजस्थान मध्य प्रांत की 16 शाखाओं द्वारा मोक्ष-धाम का रखरखाव, 5 शाखाओं द्वारा मोक्ष रथ का संचालन एवं ब्यावर सहित तीन शाखाओं द्वारा रोगी वाहन का संचालन किया जा रहा है। किशनगढ़ भवन में वर्तमान में फिजियोथैरेपी सेंटर एवं कंप्यूटर सेंटर चल रहा है, साथ ही भीलवाड़ा परिषद भवन में

विवेकानंद शाखा द्वारा फिजियोथैरेपी सेंटर, सुभाष शाखा द्वारा पुस्तकालय एवं अजमेर परिषद् भवन में स्थाई प्रकल्प के संचालन की पूर्ण रूप से योजना बना ली गई है। श्रीमान अजय जी दत्ता ने प्रांत की शाखाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। रीजनल महामंत्री एवं राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. त्रिभुवन जी शर्मा ने अपने उद्बोधन में व्यक्तिगत प्रवास पर बल दिया और आग्रह किया कि प्रवास के समय प्रांतीय दायित्वधारी निर्धारित प्रारूपानुसार शाखाओं के मासिक बैठकों के रजिस्टर एवं लेखों का निरीक्षण करे। व्यक्ति के प्रभाव को विचारों के प्रभाव में परिवर्तित करें और श्रेष्ठता को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। अध्यक्षीय उद्बोधन में डी.डी. शर्मा जी ने बैठक में हर एक बिंदु पर विस्तृत चर्चा, कार्यकर्ताओं का अनुशासन, बैठक का आदर्श संचालन एवं प्रांत की कार्यशैली को श्रेष्ठ बताते हुए हृदय से सभी को बधाई एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि राजस्थान मध्य प्रांत की कार्यशैली से सभी प्रभावित रहते हैं और प्रांत द्वारा कार्य योजना को अनुकरणीय बताते हुए अगले 3 वर्षों की योजना बनाने का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि अजमेर भवन में पूंजीगत संसाधनों के सहयोग हेतु नेशनल काउंसिल मीटिंग में प्रस्ताव पारित किया जा चुका हैं और जल्द ही वह राशि प्रदान की जाएगी, साथ ही विवेकानंद शाखा भीलवाड़ा और सुभाष शाखा भीलवाड़ा के प्रस्ताव को जल्द ही नेशनल काउंसिल की अगली बैठक में रखा जाएगा।

## एक्सटेंडेड कोर कमेटी बैठक

राजस्थान मध्य प्रांत की एक्सटेंडेड कोर कमेटी की बैठक 9.2.2021 को रीजनल संरक्षक श्रीमान् शांतिलाल जी पानगड़िया की अध्यक्षता व राष्ट्रीय मंत्री श्री मुकनसिंह जी राठौड़ एवं रीजनल मंत्री श्री दिनेश जी कोगटा के सानिध्य में परिषद भवन भीलवाड़ा पर आहूत की गई। मां भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम गायन के साथ बैठक प्रारंभ हुई। प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश जी अजमेरा द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। प्रांतीय महासचिव सीए संदीप बाल्दी द्वारा सदन के समक्ष प्रांतीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और सदस्यता एवं विस्तार, शाखाओं के दायित्वधारियों के चुनाव की प्रगति, आगामी प्रवासों की जानकारी, आगामी तीन वर्षों की योजना, केन्द्रीय कार्यालय द्वारा चाही गई सूचियों की स्थिति व निष्क्रिय शाखाओं एवं कार्यकर्ताओं को सक्रिय बनाने की योजना सदन के समक्ष रखी। प्रांतीय वित्त सचिव की अनुपस्थिति में महासचिव द्वारा 8 फरवरी 2021 तक प्रांत की वित्तीय स्थिति का ब्यौरा सदन में पेश किया।

खुला सत्र में प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमान पारस जी बोहरा ने मांडल शाखा द्वारा स्थाई प्रकल्प के संचालन हेतु शाखा के ट्रस्ट बनाने के प्रस्ताव और स्वीकृति हेतु शाखा का निवेदन सदन के समक्ष रखा, जिस पर बाद विचार निर्णय लिया गया किस शाखा के द्वारा ट्रस्ट के गठन हेतु निर्धारित प्रारूप में केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा स्वीकृत किए जाने पर ही ट्रस्ट का गठन किया जाएगा और ट्रस्ट का गठन एवं संबंधित कानूनों की अनुपालन हेतु शाखा को विस्तृत जानकारी दी जाए जिससे भविष्य में अनुपालन में कोई कमी ना रहें। इस संदर्भ में श्रीमान दिनेश जी कोगटा ने कहा की

शाखाओं के द्वारा ट्रस्ट के निर्माण एवं संचालन हेतु एक पूर्ण निर्देशिका प्रांत द्वारा निर्धारित की जानी चाहिये और जहां पर शाखाएं ट्रस्ट का संचालन कर रही है वहां ट्रस्ट के होने वाली गतिविधियों के लिए टीम की संरचना की संपूर्ण जानकारी प्रांत को प्रेषित की जानी चाहिए।

राष्ट्रीय मंत्री श्री मुकनसिंह जी राठौड़ ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि राजस्थान मध्य प्रांत पूरे देश में एक विशेष स्थान रखता है और प्रांत की कार्यप्रणाली अन्य प्रांतों के लिए एक आदर्श के रूप में स्थापित हो रही है। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में आने वाले वर्ष में शाखाओं के प्रवास पर विशेष बल दिया और प्रांतीय दायित्वधारियों द्वारा पूर्व में प्रवास के कार्यक्रम निर्धारित कर अधिक से अधिक शाखाओं में संपर्क बढ़ाने का आह्वान किया। शाखाओं में सदस्यों की बैठकों में सहभागिता, बैठकों की बैठक पुस्तिका (मिनिट्स बुक) व लेखा पुस्तकों की व्यवस्थित होने पर बल दिया साथ ही प्रवास के समय प्रांतीय दायित्वधारियों द्वारा उनकी जांच करना सुनिश्चित करने हेतु आग्रह किया। कुपोषण मुक्त भारत कार्यक्रम पर इस वर्ष विशेष कार्य करने और सेवा एवं संस्कार के कार्यक्रमों की संपूर्ण जानकारी उपाध्यक्ष बंधुओं को देते हुए उनकी अधिक से अधिक उपयोगिता शाखाओं को मिले यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में प्रांत द्वारा समय पर किए जा रहे सभी कार्यों और रिपोर्टों की समीक्षा करते हुए प्रांत के प्रत्येक सदस्य के प्रति आभार व्यक्त किया और बधाई प्रेषित की। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में श्री शांतिलाल जी पानगडिया ने प्रांत के कार्यों की सराहना की और विशेष रूप से कोरोना काल में आयोजित रक्तदान शिविर के लिए प्रांतीय संयोजक श्री देवराज जी सुरतानिया को बधाई प्रेषित की। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में औपचारिक बैठकों के साथ-साथ अनौपचारिक वार्तालाप और चर्चाओं को बढ़ावा देने की बात कही जिससे कार्यों की जानकारी स्वत: ही दायित्वधारियों को मिल जाएगी। उन्होंने अजमेर निर्मित परिषद् भवन में चलाए जाने वाले स्थाई प्रकल्प के संदर्भ में आग्रह किया कि सिलाई केंद्र के साथ-साथ कढ़ाई का कार्य भी सिखाया जाए जिससे महिलाओं को ज्यादा रोजगार मिलने की संभावना रहेगी। उन्होंने प्रांत के रिर्पोटिंग सिस्टम की प्रशंसा करते हुए कहां कि यह रिर्पोटिंग सिस्टम शाखाओं द्वारा भी पूरा किया जाये जिससे शाखाओं के कार्यो की जानकारी एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी तुरंत प्रांत को मिल जाये। उन्होंने प्रांत के कार्यों के लिए सभी शाखा दायित्वधारियों एवं प्रांतीय संयोजक बंधुओं को बधाई दी और भविष्य में भी इसी तरह से अग्रसर होने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री पारस जी बोहरा ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में उपाध्यक्ष सेवा श्री रामेश्वर लाल जी काबरा और उपाध्यक्ष संपर्क श्री रतन लाल जी नाहर का सानिध्य भी मिला। राष्ट्रगान के साथ बैठक संपन्न हुई।

## प्रान्तीय परिषद् बैठक

भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रांत की प्रांतीय परिषद् की बैठक एवं वर्ष 2021-22 की प्रान्तीय कार्यकारिणी के चुनाव दिनांक 28 फरवरी 2021, रविवार को सांवरिया रिसोर्ट,भीलवाड़ा में केन्द्रीय पर्यवेक्षक श्री संजीव जी भारद्वाज रीजनल मंत्री संस्कार और शान्तीलाल जी पनगड़ीया रीजनल संरक्षक के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए।बैठक में श्री मुकन सिंह जी राठौड़-राष्ट्रीय मंत्री, श्री दिनेश जी कोगटा-रीजनल मंत्री संस्कार, श्री मुकुट बिहारी जी मालपानी (संरक्षक-मध्य प्रान्त),

श्री बलराज जी आचार्य-विशेष आमंत्रित, प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य, प्रांत की शाखाओं के दायित्वधारी एवं माननीय सदस्यों का सानिध्य मिला।

प्रांतीय बैठक का शुभारंभ मंचासीन, दीप प्रज्वलन, वंदेमातरम् गायन (सुभाष शाखा भीलवाड़ा की मातृशक्ति द्वारा) के साथ हुआ। उसके बाद भीलवाड़ा, अजमेर और राजसमंद जिले की शाखाओं के सचिवों द्वारा वर्ष 2019-21 के प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए। प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री सुधीर जी व्यास द्वारा फरवरी 2021 तक की प्रांतीय कोष स्थिति का विवरण सदन के समक्ष रखा गया। राष्ट्रीय मंत्री श्री मुकनसिंह जी राठौड़ द्वारा संपर्क एवं संगठन की प्रगाढ़ता पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया व प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश जी अजमेरा द्वारा अभिभाषण व वर्ष 2019-21 में शाखाओं के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

बैठक के द्वितीय सत्र में प्रांतीय महासचिव श्री संदीप बाल्दी ने सदन के समक्ष प्रांतीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि राजस्थान मध्य प्रांत रीजन में ही नहीं अपितु पूरे राष्ट्र में एक आदर्श प्रांत के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होनें बताया की प्रांत के सभी सजग और कर्मठ कार्यकर्ताओं की मेहनत को सराहते हुए प्रथम रीजनल अधिवेशन में आपके प्रांत को सर्वश्रेष्ठ प्रांत से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के आप सभी बंधुओं को हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन। बैठक में गत 2 वर्षों में शाखाओं द्वारा सेवा और संस्कार के कार्य में किए गए श्रेष्ठ कार्य के लिए शाखाओं का अभिनंदन व सम्मानित किया गया। बैठक में ऑनलाइन रामायण को जानो प्रतियोगिता और स्वामी विवेकानंद पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।



# वर्ष 2021-22 की प्रान्तीय कार्यकारिणी के चुनाव

केन्द्रीय चुनाव पर्यवेक्षक - श्री संजीव जी भारद्वाज, रीजनल मंत्री संस्कार

सर्वसम्मति से चुनाव का निर्णय

**प्रांतीय अध्यक्ष-पारस बोहरा, शाखा स्वामी विवेकानंद भीलवाड़ा।**

**प्रांतीय महासचिव-सीए संदीप बाल्दी, शाखा गंगापुर, भीलवाड़ा।**

**प्रांतीय वित्तसचिव-गोविंद अग्रवाल, शाखा किशनगढ़ मुख्य, अजमेर।**

श्री संजीव जी भारद्वाज ने अपने उद्‌बोधन में राजस्थान मध्य प्रांत की कार्यशैली की सराहना करते हुए सभी परिषद परिवार के सदस्यों को आभार व्यक्त किया उन्होंने प्रांत की तकनीकी क्षमता एवं नवाचार कार्यक्रम को सरहाते हुए राजस्थान मध्य प्रांत को शुभकामनाएं प्रेषित की।

नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष श्री पारस जी बोहरा व प्रांतीय वित्तसचिव श्री गोविंद जी अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सहयोग का आग्रह किया।

माननीय श्रीमान् शान्तीलाल जी पानगड़ीया (रीजनल संरक्षक) ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में मध्य प्रान्त के कार्यक्रमों की सराहना की और उन्होने देश के विकास के लिये स्वार्थ रहित सेवा और आत्मानुशासन कार्यकर्ता बनकर कार्य करने का आह्यन किया। उन्होंने प्रांत की रिपोर्टिंग को सर्वश्रेष्ठ रिपोर्टिंग बताते हुए सभी शाखाओं से आग्रह किया की रिपोर्टिंग समय पर प्रेषित करना भी अति आवश्यक है साथ ही उन्होंने समय की मांग के अनुरूप कार्यक्रमों की संरचना पर जोर देते हुए सभी नवीन दायित्व धारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

राजस्थान मध्य प्रांत की विभिन्न शाखाओं से 170 से अधिक कार्यकर्ता व महिला सदस्यों ने भाग लिया। मंच संचालन प्रांतीय महिला प्रमुख गुणमाला जी अग्रवाल और भीलवाड़ा जिला सचिव शिवम जी प्रहलादका ने किया। श्रीमान् दिनेश जी शारदा शाखाध्यक्ष-सुभाष भीलवाड़ा ने सभी प्रांतीय संयोजक बंधुओं, केंद्रीय व रीजनल दायित्वधारियों व प्रांत की शाखाओं के दायित्वधारी सहित उपस्थित माननीय सदस्यों का धन्यवाद् एवं आभार ज्ञापित किया।राष्ट्रगान के साथ बैठक संपन्न हुई।

## भाविप मध्य प्रान्त के पारस बोहरा को प्रांतीय अध्यक्ष, संदीप बाल्दी को प्रांतीय महासचिव सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने गए

**कार्यक्रम मे भीलवाडा, अजमेर, राजसमंद तीन जिलों की 39 शाखाओं के पदाधिकारी हुए सम्मिलित**

स्मार्ट हलचल।अजीज भाटी

रोपा। स्मार्ट हलचल भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रांत की प्रांतीय परिषद् की बैठक एवं वर्ष 2021-22 की प्रान्तीय कार्यकारिणी के चुनाव, रविवार को सांवरिया रिसोर्ट,भीलवाड़ा में केन्द्रीय पर्यवेक्षक संजीव भारद्वाज रीजनल मंत्री संस्कार और शान्तीलाल पानगड़ीया रीजनल संरक्षक के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए।

वर्ष 2021-22 के लिए पारस बोहरा प्रांतीय अध्यक्ष, सीए संदीप बाल्दी प्रांतीय महासचिव और गोविंद अग्रवाल प्रांतीय वित्तसचिव को निर्वाचित घोषित किया गया। भारत विकास परिषद के कैलाश सोनी ने बताया कि प्रांतीय बैठक का शुभारंभ वंदेमातरम् गायन के साथ हुआ, उसके बाद भीलवाड़ा, अजमेर और राजसमंद जिले की 39 शाखाओं के सचिवों द्वारा वर्ष 2019-21 के प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए, राष्ट्रीय मंत्री मुकन सिंह राठौड़ ने संगठन और संपर्क विषय पर अपना मार्गदर्शन प्रस्तुत किया। प्रांतीय वित्त सचिव सुधीर व्यास ने 27 फरवरी 2021 तक प्रांत की वित्तीय स्थिति सदन के समक्ष प्रस्तुत की, कैलाश अजमेरा प्रांतीय अध्यक्ष ने वर्ष 2019-21 में शाखाओं के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

बैठक के द्वितीय सत्र में प्रांतीय महासचिव संदीप बाल्दी ने सदन के समक्ष प्रांतीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि राजस्थान मध्य प्रांत रीजन में ही नहीं अपितु पूरे राष्ट्र में एक आदर्श प्रांत के रूप में स्थापित हुआ है। बैठक में गत 2 वर्षों में शाखाओं द्वारा किए गए





**भाविप राजस्थान मध्य प्रांत में जालिया शाखा ग्रामीण स्तर पर प्रथम**



...ऑनलाइन रामायण को जानो प्रतियोगिता और स्वामी विवेकानंद पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष पारस बोहरा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सहयोग का आग्रह किया। बैठक में प्रांतीय संरक्षक मुकुट बिहारी मालपानी, रीजनल संस्कार मंत्री दिनेश कोगटा का भी सानिध्य मिला। राजस्थान मध्य प्रांत की विभिन्न शाखाओं से 170 से अधिक कार्यकर्ता व महिला सदस्यों ने भाग लिया। मंच संचालन प्रांतीय महिला प्रमुख गुणमाला अग्रवाल और भीलवाड़ा जिला सचिव शिवम प्रहलादका ने किया। राष्ट्रगान के साथ बैठक संपन्न हुई।







## प्रथम - शहरी - नेताजी सुभाष, भीलवाड़ा

**मंजिल पर सफलता का निशान चाहिए, होठों पे खिलती हुई मुस्कान चाहिए,**
**बहलने वाले नहीं हम छोटे टुकड़ों से, हमें तो पूरा का पूरा आसमान चाहिए।**

**1.** प्रांत की सर्वाधिक सदस्य संख्या -2019-20 - 252 (गत वर्ष-189) व 2020-21 - 200 (गत वर्ष -252) **2.** श्रेष्ठ वेबसाईट रिपोर्टिंग व अपडेशन। **3.** शाखा द्वारा ट्रस्ट का गठनव स्थाई प्रकल्प के अन्तर्गत पुस्तकालय प्रारम्भ किया गया। **4.** वैक्सीन के प्रबन्धन में प्रशासन के सहयोग हेतु कर्मठ कार्यकर्ताओं की 5-5 सदस्यों की टीम के रूप में 77 टीमों के रूप में 385 कर्मठ कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की गई। **5.** 2019-20 में 15,850 विद्यार्थियों के मध्य भारत को जानो और 2020-21 में 302 विद्यार्थियों के मध्य ऑनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन। **6.** 2019-20 में गुरूवन्दन- 15 विद्यालयों में 70 विद्यार्थियों का अभिनन्दन और 2020-21 में 5 विद्यालयों में 18 विद्यार्थियों का अभिनन्दन। **7.** डॉ. सूरज प्रकाश जल मंदिर योजना के अंतर्गत 2020-21 में दो स्थाई जल मंदिर की स्थापना की गई, शाखा द्वारा कुल 10-जल मन्दिर व वाटर कूलर का संचालन। **8.** 2019-20 में 751 तुलसी पौधे वितरित और 158 वृक्षरोपण और 2020-21 में 301 तुलसी पौधे वितरित और 100 वृक्षारोपण । **9.** सर्व हिन्दू समाज सरल सामूहिक विवाह भीलवाड़ा में सहयोग राशी 2,30,250/- रू.। **10.** 2019-20 में वर्ष पर्यन्त निर्धन सहायता, गणवे"ा, पाठ्य पुस्तकें व स्वेटर वितरण में सहयोग राशी 1,13,780/- रू. व 2020-21 में 58,345/- रू.। **11.** भारत विकास परिषद कोविड-19 रिलीफ फंड में 51,000/- रू. व जरूरतमंदों को भोजन व सामग्री वितरण में एक लाख रुपए से भी अधिक की राशि का सहयोग। **12.** 2019-20 में सांस्कृतिक सप्ताह का आयोजन- 15 कार्यक्रमों में 2121 प्रतिभागी सहभागिता। **13.** 2019-20 में 10 दिवसीय अभिरूचि शिविर 20 विल्लाओं में लाभान्वित 530 प्रतिभागी व 2020-21 में ऑनलाइन अभिरुचि शिविर में लाभान्वित 2250 प्रतिभागी। **14.** 2019-20 में एक माह का नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र-95 लाभान्वित। **15.** 2019-20 में महिला जागरूकता प्रकल्प के तहत 11 दिवसीय नि:शुल्क मेहंदी प्रशिक्षण शिविर-70 लाभान्वित। **16.** लॉकडाउन के समय लघु कहानी कथा प्रतियोगिता, भजन प्रतियोगिता, पारंपरिक गीत प्रतियोगिता, मेरे अनुभव जैसी प्रतियोगिताओ का आयोजन।

**17.** 2020-21 में महिला जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता प्रकल्प के तहत ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से राखी बनाना प्रशिक्षण कार्यक्रम-1280 प्रशिक्षणार्थी। **18.** 2019-20 में 5 नैत्र जाँच शिविरों का आयोजन - 1782 जाँच व लाभान्वित । **20.** 2 परामर्श चिकित्सा शिविरों का आयोजन - 303 रोगी लाभान्वित। **21.** 2019-20 में 2 नेत्रदान व 1 रक्तदान शिविर में 71 युनिट रक्तदान व 2020-21 में 1 रक्तदान शिविर में 111 युनिट रक्तदान। **22.** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, नव-संवत्सर व स्थापना दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन। **23.** राष्ट्रीय बालिका सप्ताह शाखा द्वारा दिनांक 17 जनवरी से 21 जनवरी तक पूर्ण मनोयोग से मनाया गया, जिसमें हीमोग्लोबिन टेस्ट, गुडचना कड़ाही वितरण, स्वेटर वितरण, नाटक मंचन आदि कार्यक्रम हुए जिसमें 192 बालिकाएं लाभान्वित हुई। **24.** मासिक व कार्यकारणी बैठकों का समयानुसार आयोजन।

**25.** सभी कार्यशालाओं, प्रांतीय व रीजनल कार्यक्रमों में सहभागिता।

# द्वितीय - शहरी - बिजयनगर, अजमेर

**1.** सदस्य संख्या -2019-20 -126 (गत वर्ष-120) व 2020-21 -100 (गत वर्ष-126)

**2.** श्रेष्ठ वेबसाईट रिपोर्टिंग व अपडेशन। **3.** शाखा द्वारा ट्रस्ट का गठन व स्थाई प्रकल्प के अन्तर्गत कार्यालय का संचालन। **4.** शाखा की प्रेरणा से भँवर बाड़ी बिजयनगर निवासी श्री पुखराज जी कर्नावट 74 वर्षीय का जवाहर नेहरू मेडिकल कॉलेज अजमेर में देहदान। **5.** 2019-20 में 3 रक्तदान शिविरों में 187 युनिट रक्तदान व 1 नेत्रदान और 2020-21 में 2 रक्तदान शिविरों में 165 युनिट रक्तदान। **6.** वैक्सीन के प्रबन्धन में प्रशासन के सहयोग हेतु कर्मठ कार्यकर्ताओं की 5-5 सदस्यों की टीम के रूप में 31 टीमों के रूप में 155 कर्मठ कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की गई। **7.** 2019-20 में प्रांत में सर्वाधिक 14 विद्यालयों व 120 विद्यार्थियों के मध्य राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगीता का आयोजन। **8.** 2019-20 में 6,900 विद्यार्थियों के मध्य भारत को जानो और 2020-21 में 273 विद्यार्थियों के मध्य ऑनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन। **9.** 2019-20 में गुरूवन्दन- 29 विद्यालयों में 349 विद्यार्थियों का अभिनन्दन और 2020-21 में 15 विद्यार्थियों का अभिनन्दन। **10.** 2019-20 में रियायती दर पर 10000 कॉपी एवं रजिस्टर वितरण। **11.** सर्व हिन्दू समाज सरल सामूहिक विवाह भीलवाड़ा में सहयोग राशी 5,100/- रू.। **12.** भारत विकास परिषद कोविड-19 रिलीफ फंड में 13,000/- रू. व जरूरतमंदों को भोजन व सामग्री वितरण में एक लाख रुपए से भी अधिक की राशि का सहयोग। **13.** 2019-20 में 10 दिवसीय अभिरूचि शिविर 9 विधाओं में लाभान्वित 268 प्रतिभागी व 2020-21 में ऑनलाइन अभिरुचि शिविर में लाभान्वित 1134 प्रतिभागी। **14.** 2019-20 में सांस्कृतिक सप्ताह का आयोजन-43 कार्यक्रमों में 950 प्रतिभागी सहभागिता। **15.** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व स्वछता पर मेराथन दोड- 6000 सहभागिता। **16.** आर्युवेदिक चिकित्सा शिविर लाभान्वित- 71 रोगी।

**17.** एक शाखा एक गाँव - बरल गाँव में - **अ.** आँखों की जांच, ब्लड ग्रुप की जांच शिविर-387 लाभान्वित। **ब.** 10 दिवसीय अभिरूचि शिविर 15 विधाओं में लाभान्वित 325 प्रतिभागी। **स.** 51 वृद्धजनों का सम्मान समारोह का आयोजन। **18.** 2019-20 में 251 तुलसी पौधे वितरित और 200 वृक्षरोपण और 2020-21 में 151 तुलसी पौधे वितरित व 51 वृक्षरोपण। **19.** स्थाई कार्यक्रम में शाखा द्वारा मोक्षरथ का संचालन। **19.**10 अस्थाई जल मन्दिरो का संचालन, वर्ष पर्यन्त नि:शुल्क मोक्षरथ का संचालन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, नवसंवत्सर व स्थापना दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन। **20.** मासिक व कार्यकारणी बैठकों का समयानुसार आयोजन। **21.** सभी कार्यशालाओं, प्रांतीय व रीजनल कार्यक्रमों में सहभागिता।



# द्वितीय - शहरी - आजाद, भीलवाड़ा

**कोई चलता पद चिन्हों पर कोई पदचाप बनाता है**
**जो पदचाप बनाता है वह इतिहास रचता है**

**1.** सदस्य संख्या – 2019–20 – 251 (गत वर्ष –225) व 2020–21 – 150 (गत वर्ष –250)
**2.** श्रेष्ठ वेबसाईट रिपोर्टिंग व अपडेशन। **3.** वैक्सीन के प्रबन्धन में प्रशासन के सहयोग हेतु कर्मठ कार्यकर्ताओं की 5–5 सदस्यों की टीम के रूप में 57 टीमों के रूप में 285 कर्मठ कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की गई। **4.** 2019–20 में 10 दिवसीय अभिरूचि शिविर 22 विधाओं में लाभान्वित 593 प्रतिभागी व 2020–21 में ऑनलाइन अभिरुचि शिविर में सर्वाधिक लाभान्वित 6685 प्रतिभागी। **5.** श्रेष्ठ व अनूठे सांस्कृतिक सप्ताह जिसमें जागृति, हौसलों की उड़ान, स्पर्श–एक एहसास, आरोग्य कार्यक्रम, हुनर बाजों का संगम जैसे 26 कार्यक्रमों का आयोजन व 1452 भागियों की सहभागिता। **6.** खेलकूद सप्ताह सप्ताह का आयोजन, जिसमें क्रिकेट,बैडमिंटन,कैरम,चेस, हिट–द–स्टम्पस, 100 मीटर रेस,रस्साकस्सी,वोलीबाल इत्यादि खेलो का आयोजन किया गया– 443 प्रतिभागी। **7.** 2019–20 में 6,050 विद्यार्थियों के मध्य भारत को जानो और 2020–21 में 222 विद्यार्थियों के मध्य ऑनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन। **8.** 2019–20 में गुरूवन्दन–17 विद्यालयों में 101 विद्यार्थियों का अभिनन्दन और 2020–21 में 12 विद्यार्थियों का अभिनन्दन। **9.** सर्व हिन्दू समाज सरल सामूहिक विवाह भीलवाड़ा में सहयोग राशी 1,61,000/–रू.। **10.** मुस्कान प्रकल्प के अंतर्गत एक शाखा एक गाँव–रीछड़ा गाँव में जरूरतमंद लोगो को कपडे,जूते–चप्पल,बर्तन इत्यादि प्रदान करना। यह सारा सामान शाखा सदस्यों से एकत्रित करके और सहीं करवा कर फिर से पैक करके वितरित किया जाता है, लाभान्वित 485। **11.** डॉ. सूरज प्रकाश जयंती वर्ष के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम बढ़ाने हेतु महिलाओं के लिए ऑनलाइन नि:शुल्क मेहंदी प्रशिक्षण–1225 लाभान्वित। **12.** नि:शुल्क अश्वनलाइन इको फ्रेंडली गणपति प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण– 1026 लाभान्वित। **13.** कोरोना वायरस को देखते हुए नवरात्रों में वर्चुअल माध्यम से गरबा महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन। **14.** शास्त्री जी एवं गांधी जी की जयंती एवं स्वच्छ भारत के संकल्प हेतु प्लास्टिक बंद कर कपड़े के थैलो का वितरण–लाभान्वित 250। **15.** 2019–20 में 350 पक्षी–परिन्डें और 2020–21 में 500 पक्षी–परिन्डें लगाये। **16.** 2019–20 में 350 तुलसी पौधे वितरित और 100 वृक्षरोपण और 2020–21 में 201 तुलसी पौधे वितरित व 50 वृक्षरोपण । **17.** 2019–20 में 1 नेत्रदान व 2 रक्तदान शिविर में 96 युनिट रक्तदानऔर 2020–21 में 46 युनिट रक्तदान। **18.** चिकित्सा व परामर्श शिविर–लाभान्वित–489 रोगी। **19.** महिला चिकित्सा व परामर्श शिविर–लाभान्वित– 35 रोगी। **20.** 12–जल मन्दिरों का संचालन। **21.** सभी कार्यक्रमों में श्रेष्ठ महिला सहभागिता। **22.** मासिक व कार्यकारणी बैठकों का समयानुसार आयोजन। **23.** सभी कार्यशालाओं, प्रांतीय व रीजनल कार्यक्रमों में सहभागिता।



# तृतीय - शहरी - अजमेर मुख्य, अजमेर

**पसीने की स्याही से जो लिखते हैं अपने इरादों को,**
**उनके मुकद्दर के पन्ने कभी कोरे नहीं हुआ करते।**

**1.** कुल सदस्य संख्या -2019-20-84 (गत वर्ष-66) व 2020-21 -100 (गत वर्ष-84 (सदस्यता वृद्धी में प्रांतीय लक्ष्यों की प्राप्ति)। 2. शाखा द्वारा ट्रस्ट का गठन व स्थाई प्रकल्पों के संचालन हेतु सेवा मन्दिर का निर्माण। **3.** भारत विकास परिषद अजमेर मैन चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अजमेर में बहुउद्देशीय भारत विकास भवन के शिला पूजन एवं निंव का मुहूर्त रीजनल अध्यक्ष श्रीमान् डीडी शर्मा जी और मुख्य अतिथि अजमेर विधायक श्रीमान् वासुदेव जी देवनानी की उपस्थिति में हुआ। **4.** 2019-20 में शाखा के डॉ. कमला जी -डॉ. राजेन्द्र जी गोखरू हेतु विकास रत्न 1,00,000/-रू. और 14 सदस्यों ने विकास मित्र हेतु 11,000/-रू. राशि का सहयोग। **5.** भारत विकास परिषद् कोविड-19 रिलीफ फंड में 51,000/-रू. व जरूरतमंदों को भोजन व सामग्री वितरण में 4,40,000/- रू. से भी अधिक की राशि का सहयोग। **6.** वर्ष पर्यन्त निर्धन सहायता व विभिन्न प्रकल्पों में 5,50,000/- रू. से भी अधिक की राशि का सहयोग। **7.** वैक्सीन के प्रबन्धन में प्रशासन के सहयोग हेतु कर्मठ कार्यकर्ताओं की 5-5 सदस्यों की टीम के रूप में 52 टीमों के रूप में 260 कर्मठ कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की गई। **8.** 2020-21 में भारत विकास परिषद अजमेर मेन चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा लोहार बस्ती की दो गरीब कन्याओं के विवाह हेतु दिनांक 29 अक्टूबर 2020 को 2 दिन हेतु 50 लोगों के भोजन के वास्ते समस्त कच्ची सामग्री प्रदान की गई। **9.** मिले सुर मेरा तुम्हारा शीर्षक नाम से ऑनलाइन हिंदी गीत प्रतियोगिता- 21 प्रतिभागी। **10.** 2019-20 में 4,200 विद्यार्थियों के मध्य भारत को जानो और 2020-21 में सर्वाधिक 479 विद्यार्थियों के मध्य ऑनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन। **11.** 2020-21 में शाखा स्तरीय आनलाइन एकलगान प्रतियोगिता में सर्वाधिक 49 प्रतियोगीयो ने भाग लिया। **12.** 2019-20 में प्रांत में सर्वाधिक गुरूवन्दन-8 विद्यालयों में 56 विद्यार्थियों का अभिनन्दन और 2020-21 में 12 विद्यार्थियों का अभिनन्दन। **13.** प्रांतीय महिला कार्यशाला 'संयोगिता' का आयोजन। जिसमें भीलवाड़ा, राजसमंद एवं अजमेर जिले की 153 से अधिक महिला सदस्यों ने भाग लिया। **14.** 2019-20 में सांस्कृतिक सप्ताह का आयोजन- 5 कार्यक्रमों का आयोजन 128 प्रतिभागी। **15.** वर्ष पर्यन्त थैलीसीमिया जागरूकता अभियान। **16.** 2019-20 में 3 रक्तदान शिविरों में 155 युनिट रक्तदान। **17.** 2019-20 में 2 चिकित्सा शिविर- लाभान्वित-145 रोगी। **18.** समय पर मासिक बैठकों का आयोजन और 2020-21 में भी शाखा स्तरीय ऑनलाइन मासिक बैठको का आयोजन। **19.** प्रांतीय कार्यक्रमों में सहभागीता।



# तृतीय - शहरी - ब्यावर, अजमेर

**राह संघर्ष की जो चलता है, वही तो संसार बदलता है।**
**जिसने रातों से जंग जीती है, सूर्य बनकर वही निकलता है।।**

**1.** कुल सदस्य संख्या – 2019–20–85 ( गत वर्ष–79 ) व 2020–21 – 85 ( गत वर्ष –85 )

**2.** शाखा द्वारा गठित ट्रस्ट में जनहितार्थ एम्बुलेंस का लोकार्पण। **3.** शाखा द्वारा विशेष सेवा प्रकल्प का शुभारंभ, जिसमें जरूरतमंद रोगियों को आवश्यकतानुसार रिक्लाईनर बेड, व्हीलचेयर, वॉकर, नेब्युलाइजर मशीन, सक्शन मशीन, फोरलेग स्टिक, एयर बैड, वॉटर बैड आदि उनके ठीक होने तक नि:शुल्क रूप से उपलब्ध कराए जाएंगे। **4.** वैक्सीन के प्रबन्धन में प्रशासन के सहयोग हेतु कर्मठ कार्यकर्ताओं की 5–5 सदस्यों की टीम के रूप में 44 टीमों के रूप में 220 कर्मठ कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की गई। **5.** 2019–20 में महापुरूषों व भारत माता सचित्र 60000 रजिस्टर व 40000 अभ्यास पुस्तिकाओं का रियायती दर पर वितरण। **6.** प्रांत में सर्वाधिक 2400 भारत को जानो पुस्तकों का विद्यार्थियों के मध्य वितरण। **7.** 2019–20 में 5,100 विद्यार्थियों के मध्य भारत को जानो और 2020–21 में 176 विद्यार्थियों के मध्य ऑनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन। **8.** 2019–20 में प्रांत में सर्वाधिक गुरूवन्दन–46 विद्यालयों में 149 विद्यार्थियों का अभिनन्दन और 2020–21 में 15 विद्यार्थियों का अभिनन्दन। **9.** 2019–20 में 2 रक्तदान शिविरों में 102 युनिट रक्तदान व 1 नेत्रदान और 2020–21 में 1 रक्तदान शिविरों में 121 युनिट रक्तदान।

**10.** 'विधवा पुत्री सहायता' प्रकल्प इसके अंतर्गत परिषद् द्वारा वर्ष में 2 निर्धन विधवा महिलाओं की पुत्रियों के विवाह में आर्थिक सहायता। **11.** 2019–20 में सांस्कृतिक सप्ताह का आयोजन–15 कार्यक्रम व 426 प्रतिभागी। **12.** 3 विद्यालयों में गुड टच बैड टच अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया व बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। **13.** 2019–20 में 14 दिवसीय अभिरूचि शिविर 20 विधाओं में लाभान्वित 150 प्रतिभागी व 2020–21 में ऑनलाइन अभिरुचि शिविर में लाभान्वित 6200 प्रतिभागी। **14.** 2020–21 में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर ऑनलाइन लड्डु गोपाल को झूले में सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। **15.** महिलाओं के लिए ऑनलाइन कविता, कहानी व लेख प्रतियोगिता आयोजित, जिसमें 256 प्रतिभागियों ने भाग लिया। **16.** एक शाखा एक गांव के अंतर्गत चयनित गांव मांगलियावास में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित। **17.** स्वेटर वितरण प्रकल्प के अंतर्गत 5 दिसंबर से प्रारंभ कर 14 जनवरी तक विभिन्न विद्यालयों में 336 स्वेटर 15 कंबल व 75 जोड़ी मौजे जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित किए गए। **18.** सभी कार्यक्रमों में श्रेष्ठ महिला सहभागीता। **19.** समय पर मासिक बैठको का आयोजन। **20.** प्रांतीय कार्यक्रमों में सहभागीता।



# तृतीय - शहरी - गुलाबपुरा (भीलवाड़ा)

**1.** कुल सदस्य संख्या - 2019-20-119 (गत वर्ष -100) व 2020-21 -124 (गत वर्ष -119 (सदस्यता वृद्धी में प्रांतीय लक्ष्यों की प्राप्ति)। **2.** 2019-20 में प्रत्येक माह आर्युवेदिक चिकित्सा शिविरों का आयोजन- लाभान्वित-803 रोगी। **3.** नैत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन -325 मरीजों की आंखों की जांच एवं निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई एवं 31 मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन हुए। **4.** 2019-20 में 1 रक्तदान शिविर में 148 युनिट रक्तदान व 4 जोड़ा नेत्रदान और 2020-21 में 13 रक्तदान शिविरों में 707 युनिट रक्तदान। **5.** 2019-20 में 3 दिवसीय पशुओं का टीकाकरण अभियान- 5000 पशु लाभान्वित। **6.** विश्व रक्तदान दिवस 14 जून को शाखा की मातृशक्ति द्वारा महिला लघु रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 38 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ। **7.** भारत विकास परिषद कोविड-19 रिलीफ फंड में 3,100/-रू. व जरूरतमंदों को भोजन व सामग्री वितरण में 1,00,000/- रू. से भी अधिक की राशि का सहयोग। **8.** वैक्सीन के प्रबन्धन में प्रशासन के सहयोग हेतु कर्मठ कार्यकर्ताओं की 5-5 सदस्यों की टीम के रूप में 45 टीमों के रूप में 225 कर्मठ कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की गई। **9.** सर्व हिन्दू समाज सरल सामूहिक विवाह भीलवाड़ा में सहयोग राशी 7,100/- रू.। **10.** 2019-20 में 11 दिवसीय अभिरूचि शिविर 10 विधाओं में लाभान्वित 240 प्रतिभागी। **11.** 2019-20 में 3000 विद्यार्थियों के मध्य भारत को जानो और 2020-21 में 137 विद्यार्थियों के मध्य ऑनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन। **12.** 2019-20 में प्रांत में सर्वाधिक गुरूवन्दन-27 विद्यालयों में 70 विद्यार्थियों का अभिनन्दन और 2020-21 में 18 विद्यार्थियों का अभिनन्दन। **13.** 2019-20 में 6 विद्यालयों व 65 विद्यार्थीयों के मध्य राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगीता का आयोजन। **14.** 250 जरूरतमंद विद्यार्थियों को ऊनी वस्त्र वितरित। **15.** 2019-20 में 301 तुलसी पौधे वितरित और 458 वृक्षरोपण और 2020-21 में 101 तुलसी पौधे वितरित। **16.** भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रान्त की द्वितीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन। **17.** 2020-21 में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम आयोजित- 50 बालिकाएं लाभान्वित। **18.** वर्ष पर्यन्त मोक्षधाम का संचालन व रख रखाव। **19.** गुलाबपुरा शाखा ने केंद्रीय प्रस्ताव एक शाख एक गांव के अंतर्गत भोजरास गांव को आदर्श गांव बनाने का संकल्प लिया था। गांव में आयोजित परिषद् प्रकल्प व कार्यक्रमों से प्रेरित होकर गांव के बंधुओं ने गांव में पूर्ण शाखा खोलने का संकल्प लिया और जिसके परिणामस्वरूप भाविप शाखा गुलाबपुरा की प्रेरणा से 12 अगस्त 2019 को 44 सदस्यों के साथ भोजरास शाखा का गठन किया गया। **20.** समय पर मासिक बैठको का आयोजन। **21.** प्रांतीय कार्यक्रमों में सहभागीता।



## प्रथम - ग्रामीण - जालिया द्वितीय, अजमेर

**लक्ष्य के खातिर बस सकुन चाहिए, जिसमे उबाल हो ऐसा खून चाहिए।**
**यह आसमां भी आएगा जमीन पर, बस इरादों में ऐसा जुनून चाहिए।।**

**1.** कुल सदस्य संख्या -2019-20 -54 (गत वर्ष-30) व 2020-21 -55 (गत वर्ष -54)। **2.** श्रेष्ठ वेबसाईट रिपोर्टिंग व अपडेशन। **3.** शाखा द्वारा वर्ष 2003 से निरन्तर राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है, जिसमें ब्राह्मणों की सरेरी, सांगरिया, बिजयनगर, भीलवाडा के छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत हैं। **4.** 2019-20 में प्रांत में गुरूवन्दन-16 विद्यालयों में 143 विद्यार्थियों का अभिनन्दन और 2020-21 में सर्वाधिक 20 विद्यालयों में 42 विद्यार्थियों का अभिनन्दन। **5.** 05.09.2019 को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व रीजनल अध्यक्ष शान्तिलाल जी पानगड़िया की अध्यक्षता में विशाल गुरुवन्दन छात्र-अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन, जिसमें 1500 विद्यार्थी 150 शिक्षक एवं 11 विद्यालय शामिल। **6.** 2019-20 में 1605 विद्यार्थियों के मध्य भारत को जानो और 2020-21 में 37 विद्यार्थियों के मध्य ऑनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन। **7.** 26.08.2020 से 05.09.2020 तक संस्कृति सप्ताह का आयोजन you tube चेनल पर प्रारंभ किया गया, जिसमें राजस्थान सभ्यता व संस्कृति अध्ययन, गीता ज्ञान एवं भारतीय संस्कृति व संस्कृत विषयों पर ज्ञान चर्चा रखी गयी जिसमें 3580 प्रतिभागी रहें। **8.** शाखा द्वारा वर्ष पर्यन्त श्री नित्य मुरारी प्रभु (ईस्कान) द्वारा विद्यार्थियों के लिए गीता ज्ञान की कक्षाएँ चलाई गयी । **9.** 2019-20 में 10 दिवसीय अभिरूचि शिविर 5 विधाओं में लाभान्वित 89 प्रतिभागी। **10.** 2019-20 में अन्तर्महाविद्यालय वाद-विवाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन जिसमें 5 महाविद्यालयों के 19 विद्यार्थीयों ने भाग लिया। **11.** प्रान्त द्वारा आयोजित 'एकल गीत प्रतियोगिता' में शाखा द्वारा रिकॉर्ड सर्वाधिक 27 प्रस्तुतियाँ भेजी गई जिनमें कनिष्ठ वर्ग से 15, वरिष्ठ वर्ग से 10 तथा परिषद् परिवार से 2 प्रस्तुतियाँ भेजी गई। प्रान्त स्तरीय प्रतियोगिता में परिषद् परिवार की 'नन्दनी भोजवानी' ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। **12.** मोक्षधाम सौन्दर्यीकरण-समतलीकरण करवाया गया व सीमेण्ट की दस कुर्सियाँ लगवायी गई । **13.** 2020-21 में 1 रक्तदान शिविर में 102 युनिट रक्तदान। **14.** 2019-20 में 25 तुलसी पौधे वितरित और 55 वृक्षरोपण और 2020-21 में 21 तुलसी पौधे वितरित। **15.** डॉ. सूरज प्रकाश जयन्ती को सेवाकार्य के रुप में मनाते हुए सेनेटाइजर मशीनों व मास्क का वितरण किया। **16.** भारत विकास परिषद् कोविड-19 रिलीफ फंड में 1,500/-रू. व जरूरतमंदों को भोजन व सामग्री वितरण में 1,83,000/- रू. से भी अधिक की राशि का सहयोग। **17.** वैक्सीन के प्रबन्धन में प्रशासन के सहयोग हेतु कर्मठ कार्यकर्ताओं की 5-5 सदस्यों की टीम के रूप में 22 टीमों के रूप में 110 कर्मठ कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की गई। **18.** राष्ट्रीय बालिका सप्ताह शाखा द्वारा दिनांक 17 जनवरी से 21 जनवरी तक पूर्ण मनोयोग से मनाया गया, जिसमें हीमोग्लोबिन टेस्ट, गुड़-चना, कड़ाही वितरण, स्वेटर वितरण, भाषण प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम हुए जिसमें 100 बालिकाएं लाभान्वित हुई। **19.** समय पर मासिक बैठको का आयोजन। **20.** प्रांतीय कार्यक्रमों में सहभागिता।

# द्वितीय - ग्रामीण - भोजरास (भीलवाड़ा)

**जिसकी लो आंखों में दिखे , जो प्रेरित करती रहे तुझे**
**लक्ष्य निरंतर जो ज्वलित रखें, ऐसी आग सीने में बनाए रखें**

**1.** तत्कालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमान डॉ सुरेश जी गुप्ता की अध्यक्षता में शाखा की स्थापना- 12 अगस्त 2019 को हुई। **2.** कुल सदस्य संख्या -2019-20 - 41 व 2020-21 में 82 (सदस्यता वृद्धि में प्रांतीय लक्ष्यों की प्राप्ति)। कोराना काल में प्रांत में सर्वाधिक 200 प्रतिशत सदस्यता वृद्धि। **3.** श्रेष्ठ वेबसाईट रिपोर्टिंग व अपडेशन। **4.** 2019-20 में 55 पौधे मय टी गार्ड के और 2020-21 में 100 पौधे मय टी गार्ड के लगाये गये। **5.** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती कार्यक्रम का आयोजन। **6.** प्रान्तीय महिला कार्यशाला मे तीन महिलाओ ने भाग लिया। **7.** राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन-प्रतियोगिता में 8 टीमें और 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया। **8.** 2019-20 में 1 रक्तदान शिविर में 31 युनिट रक्तदान और 2020-21 में 36 युनिट रक्तदान। **9.** 2019-20 में 200 विद्यार्थियों के मध्य भारत को जानो और 2020-21 में 17 विद्यार्थियों के मध्य ऑनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन। **10.** 2019-20 में गुरूवन्दन- 2 विद्यालयों में 14 विद्यार्थियों का अभिनन्दन और 2020-21 में 8 विद्यार्थियों का अभिनन्दन। **11.** 2019-20 में महिला दिवस पर नारी ही स्वच्छ समाज का निर्माण करती है विषय पर महिला संगोष्ठी का आयोजन। **12.** शाखा भोजरास द्वारा एक शाखा एक गांव प्रकल्प के तहत ग्राम सोडार में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन व गणवेश वितरण का कार्यक्रम किया। **13.** 2019-20 में गणवेश व ऊनी वस्त्र वितरण का कार्यक्रम- 500 से अधिक छात्र/छात्राएं लाभांवित हुये। **14.** वर्ष पर्यन्त निर्धन सहायता व विभिन्न प्रकल्पों में 3,00,000/- रू. से भी अधिक की राशि का सहयोग। **15.** शाखा द्वारा कोरोनो वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिये पुरे गाँव में सोडीयम हाइपर क्लोराइड का छिड़काव किया गया। **16.** कोरोनो काल में जरूरतमंद 30 परिवारों को खाद्य सामग्री दी गई जिसमें 5 किलो आटा, आधा लीटर तेल, आधा किलो चने की दाल, हल्दी, मिर्च, नमक की थैली व एक साबुन दी गई। **17.** 41 कोरोना योद्धाओं का तिलक लगाकर माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। **18.** समय पर मासिक बैठको का आयोजन। **19.** प्रांतीय कार्यक्रमों में सहभागिता।



## तृतीय - ग्रामीण - माण्डल (भीलवाड़ा)

**1.** कुल सदस्य संख्या -2019-20 -50 ( गत वर्ष -40 ) व 2020-21 -50 ( गत वर्ष -50 )

**2.** श्रेष्ठ वेबसाईट रिपोर्टिंग व अपडेशन। **3.** 2019-20 में 2700 विद्यार्थियों के मध्य भारत को जानो और 2020-21 में 84 विद्यार्थियों के मध्य ऑनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन। **4.** 2019-20 में गुरूवन्दन- 2 विद्यालयों में 14 विद्यार्थियों का अभिनन्दन और 2020-21 में 8 विद्यार्थियों का अभिनन्दन। **5.** 2019-20 में 1 रक्तदान शिविर में 101 युनिट रक्तदान और 2020-21 में 1 रक्तदान शिविर में 70 युनिट रक्तदान। **6.** 2019-20 में अन्तर्महाविद्यालय वाद-विवाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन जिसमें महाविद्यालयों के 170 विद्यार्थीयों की उपस्थिति में 20 विद्यार्थीयों ने भाग लिया। **7.** वर्ष पर्यन्त मोक्षधाम का संचालन व रख रखाव। **8.** मोक्षधाम में महामंडलेश्वर श्री जगदीश जी महाराज के सानिध्य में दिव्य सत्संग कार्यक्रम-500सहभागीता। **9.** जल मन्दिर व वाटर कूलर का संचालन। **10.** रीजनल अधिवेशन जयपुर में 10 सदस्यों की सहभागीता। **11.** सर्व हिन्दू समाज सरल सामूहिक विवाह में सहयोग राशी 5,100/- रू.। **12.** एक गांव-एक प्रकल्प-एक शाखा कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में निर्धन छात्र-छात्रों को ऊनी वस्त्र वितरण। **13.** भारत विकास परिषद कोविड-19 रिलीफ फंड में 1,100/-रू. व जरूरतमंदों को भोजन व सामग्री वितरण में 35,000/- रू. से भी अधिक की राशि का सहयोग। **14.** कोराना काल में प्रतिमाह 2 बार काढ़ा वितरण किया जा रहा है। **15.** वैक्सीन के प्रबन्धन में प्रशासन के सहयोग हेतु कर्मठ कार्यकर्ताओं की 5-5 सदस्यों की टीम के रूप में 32 टीमों के रूप में 160 कर्मठ कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की गई।



## तृतीय - ग्रामीण - फूलिया कलां (भीलवाड़ा)

1. कुल सदस्य संख्या -2019-20 -65 ( गत वर्ष -60 ) व 2020-21 में 40 ( गत वर्ष -65 )

**2.** श्रेष्ठ वेबसाईट रिपोर्टिंग व अपडेशन। **3.** 2019-20 में 1300 विद्यार्थियों के मध्य भारत को जानो और 2020-21 में 85 विद्यार्थियों के मध्य ऑनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन। **4.** 2019-20 में गुरूवन्दन- 2 विद्यालयों में 14 विद्यार्थियों का अभिनन्दन और 2020-21 में 8 विद्यार्थियों का अभिनन्दन।

**5.** 2019–20 में 2 रक्तदान शिविर में 71 युनिट रक्तदान। **6.** प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन लाभान्वित– 73 रोगी। **7.** वर्ष पर्यन्त स्थाई जल मंदिर का संचालन। **8.** भारत विकास परिषद कोविड–19 रिलीफ फंड में 2,100/–रू. व जरूरतमंदों को भोजन व सामग्री वितरण में 15,000/– रू. से भी अधिक की राशि का सहयोग। **9.** वैक्सीन के प्रबन्धन में प्रशासन के सहयोग हेतु कर्मठ कार्यकर्ताओं की 5–5 सदस्यों की टीम के रूप में 16 टीमों के रूप में 80 कर्मठ कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की गई। **10.** समय पर मासिक बैठको का आयोजन। **11.** प्रांतीय कार्यक्रमों में सहभागिता।



## तृतीय - ग्रामीण - अरांई (अजमेर)

1. कुल सदस्य संख्या –2019–20 –40 (गत वर्ष –30) व 2020–21 में 25 (गत वर्ष –40)
**2.** वेबसाईट रिपोर्टिंग व अपडेशन। **3.** 2019–20 में 300 विद्यार्थियों के मध्य भारत को जानो और 2020–21 में 19 विद्यार्थियों के मध्य ऑनलाइन भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन। **4.** 2019–20 में गुरूवन्दन–10 विद्यालयों में 31 विद्यार्थियों का अभिनन्दन और 2020–21 में 6 विद्यार्थियों का अभिनन्दन। **5.** 2020–21 में 1 रक्तदान शिविर में 153 युनिट रक्तदान। **6.** वर्ष पर्यन्त अस्थाई जल मंदिर का संचालन। **7.** भारत विकास परिषद कोविड–19 रिलीफ फंड में 3,000/–रू. व जरूरतमंदों को भोजन व सामग्री वितरण में 40,000/– रू. से भी अधिक की राशि का सहयोग। **8.** वैक्सीन के प्रबन्धन में प्रशासन के सहयोग हेतु कर्मठ कार्यकर्ताओं की 5–5 सदस्यों की टीम के रूप में 10 टीमों के रूप में 50 कर्मठ कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की गई। **9.** समय पर मासिक बैठको का आयोजन। **10.** प्रांतीय कार्यक्रमों में सहभागिता।



## रीजनल एकलगान प्रतियोगिता

राजस्थान मध्य प्रांत का वरिष्ठ वर्ग 9 से 12 में एना जैमन, आदर्श अजमेर ने प्रथम और कनिष्ठ वर्ग 6 से 8 में निधिका शक्तावत, आजाद भीलवाड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह–2021 के अंतर्गत परिवहन विभाग एवं शिक्षा विभाग, भीलवाड़ा के निर्देशानुसार आजाद शाखा, भीलवाड़ा द्वारा जिले में 2 चरण में सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रथम चरण में भीलवाड़ा जिले के सभी 14 ब्लॉक के राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ऑनलाइन मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से हुई। ऑनलाइन प्रतियोगिता में 5504 विद्यार्थियों ने मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को परिवहन विभाग द्वारा 17 फरवरी 2021 को आयोजित विशेष कार्यक्रम में मोमेंटो और सर्टिफिकेट द्वारा सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता को शाखा की टेक्निकल टीम, परिवहन विभाग की टीम एवं शिक्षा विभाग की टीम ने मिलकर तैयार किया। प्रतिभागियों ने 30 मिनट में 50 वैकल्पिक प्रश्नों का उत्तर मोबाइल एप्लीकेशन पर दिया गया और सभी प्रश्नों के उत्तर देने के पश्चात् प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों कोई–सर्टिफिकेट के माध्यम से सम्मानित भी किया गया। वर्सेटाइल सॉफ्टवेयर टीम ने मोबाइल एप्लीकेशन डेवलपमेंट का सारा कार्य सकुशल रूप से पूर्ण किया।

## युवा दिवस - स्वामी विवेकानन्द जयन्ति

भारत विकास परिषद् जालिया द्वितीय द्वारा नवाचार के अन्तर्गत युग पुरूष स्वामी विवेकानन्द के आदर्शो व विचारों से विद्यार्थियों को अवगत कराने व उनके द्वारा दिखाये गये सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने के लिए महाविद्यालय के विद्यार्थियों के मध्य पूरे विविध कायक्रमों का आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द के जीवन दर्शन व ज्ञानचर्चा, स्वामी जी से सम्बधित काव्य पाठ व निबन्ध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार, प्रमाण–पत्र एवं स्मृति–चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## शहीद दिवस

भारत विकास परिषद् शाखा बांदनवाड़ा द्वारा शहीद दिवस मनाया गया एवं शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई, इस कार्यक्रम में संरक्षक किशन गोपाल जी परिहार एवं अध्यक्ष श्री प्रिंस कुमार जी जैन एवं एक शाम शहीदों के नाम प्रभारी श्री श्रवणलाल गुर्जर, श्री विश्वदेव कुमावत, श्री दाऊजी शर्मा, श्री जयमल रहलानी, श्री बल्लभराम गुर्जर, श्री ललित कुमार जैन, श्री नरेश कुमावत, श्री बंसीलाल बाबर, श्री छोटूलाल बेरवा, श्री सांवरलाल बेरवा, श्री मोहनलाल आदि उपस्थित रहें।



## अजमेर परिषद् भवन अवलोकन





भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री श्री श्याम जी शर्मा के अजमेर प्रवास के अवसर पर विशालनगर में निर्माणाधीन परिषद् भवन का निरीक्षण किया, तत्पश्चात् हनुमान दयाल जी बंसल के घर पर पशुओं को पानी पिलाने के लिए बनाई गई पानी की टंकी का वितरण कर कार्यक्रम का आरंभ किया, बैठक में उन्होंने कहा की भामाशाह द्वारा अधिक से अधिक सहयोग दिया जाएगा ताकि भवन निर्माण शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण हो सके। साथ ही केंद्रीय कार्यालय के सहयोग से क्रय की गई सिलाई मशीनों, कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, टेबल व अन्य सामान का निरीक्षण भी राष्ट्रीय महामंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिलीप जी पारीक, डॉ. कमला जी गोखरू, श्रीमती आशा जी गोयल, श्रीमती शिमला जी बंसल, लक्ष्मी नारायण जी बंसल, हेमंत जी गुप्ता, रमेश चंद जी जाजू, जीतमल जी चौहान व अन्य सदस्यगण उपस्थित थे ।

## दायित्व ग्रहण कार्यक्रम

भारत विकास परिषद् शाखा केकड़ी, जालिया द्वितीय, भोजरास, मांडल, बान्दनवाड़ा गंगापुर, विवेकानंद किशनगढ़, जहाजपुर, राजसमंद, अजयमेरु अजमेर और भीलवाड़ा शहर की सभी शाखाओं का सत्र 2021-22 के लिए दायित्वधारियों एवं शाखा कार्यकारिणी का दायित्वग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभी शाखाओं में इस वर्ष नये सदस्यों को जोड़ संकल्प दिलाया गया।




## जल संरक्षण कार्यशाला

भारत विकास परिषद देवगढ़ शाखा द्वारा ग्राम सादड़ी में अंतर्राष्ट्रीय जल दिवस पर जल संरक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। शाखा महिला प्रमुख श्रीमती भावना जी पालीवाल ने जल संरक्षण के महत्व को बताया इस अवसर पर बच्चों के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया




**जब टूटने लगे हौंसले तो बस ये याद रखना, बिना मेहनत के हासिल तख्तो ताज नहीं होते।**
**ढूंढ़ लेना अंधेरों में मंजिल अपनी, जुगनू कभी रोशनी के मोहताज नहीं होते।।**

# चिकित्सा परामर्श शिविर



भारत विकास परिषद, **ब्यावर** शाखा द्वारा 7 फरवरी, रविवार को सेवा प्रकल्प का शुभारंभ हुआ। इस प्रकल्प के अंतर्गत परिषद् द्वारा जरूरतमंद रोगियों को आवश्यकतानुसार रिक्लाईनर बेड, व्हीलचेयर, वॉकर, नेब्युलाइजरमशीन, सक्शन मशीन, फोरलेगस्टिक, एयर बैड, वॉटर बैड आदि उनके ठीक होने तक निःशुल्क रूप से उपलब्ध कराए जाएंगे।

भारत विकास परिषद् शाखा ब्यावर एवं राठी हास्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क स्त्री रोग,न्यूट्रिशन एवं डाइड परामर्श शिविर का विधिवत शुभारम्भ हुआ। शिविर प्रभारी कमलेश बन्ट व सह प्रभारी सीमा जिंदल ने बताया कि शिविर में 126 महिलाओं व युवतियों ने पंजीयन करवाया। शिविर में डॉ. अंजना राठी द्वारा स्त्री रोग व डॉ. आयुषी जिंदल द्वारा न्यूट्रिशन एवं डाइड, गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं से संबधित रोग का परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में सरक्षक लक्ष्मणदास गुरनानी, अध्यक्ष राजेंद्र काबरा, सचिव प्रशान्त पाबुवाल, डॉ.रमेश शर्मा, डॉ.लालचंद हेड़ा, अनिल भराड़ीया, संजय जिंदल, पंकज बन्ट, अशोक मेवाड़ा, निशा खंडेलवाल, शोभा सोमानी, इंदु काबरा, साधना बड़गोती, शशि भराडिया स्वाति जैन, रेखा माहेश्वरी वीरबाला शर्मा, निशा गर्ग आदि मौजुद थे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश बन्ट ने किया।







## दो दिवसीय निशुल्क स्त्री रोग शिविर का शुभारम्भ

**ब्यावर ( हुक्मनामा समाचार )**। भारत विकास परिषद् शाखा ब्यावर एवं राठी हास्पिटल के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय निशुल्क स्त्री रोग,न्यूट्रिशन एवं डाइड परामर्श शिविर का विधिवत शुभारम्भ हुआ। शिविर प्रभारी कमलेश बन्ट व सह प्रभारी सीमा जिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन लगभग 75 महिलाओं व युवतियों ने पजीयन करवाया। शिविर में डॉ. अंजना राठी द्वारा स्त्री रोग व ड्रा. आयुषी जिंदल द्वारा न्यूट्रिशन एवं डाइड से संबधित रोग का परामर्श दिया गया।

शिविर खास तौर पर गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए साकेत नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में राठी हास्पिटल में आयोजित किया गया है। शिविर शुक्रवार को जारी रहेगा। शिविर में केवल युवतिया व महिलाए ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्बन्धी रोग से पीडीत रोगी पंजीयन करा शिविर का लाभ उठाए। शुभारम्भ कार्यक्रम का संचालन कमलेश बन्ट ने किया। कार्यक्रम में सरक्षक लक्ष्मणदास गुरनानी, अध्यक्ष राजेंद्र काबरा, सचिव प्रशान्त पाबुवाल, डॉ.रमेश शर्मा, डॉ.लालचंद हेड़ा, अनिल भराड़ीया, संजय जिंदल, पंकज बन्ट, अशोक मेवाड़ा, निशा खंडेलवाल, शोभा सोमानी, इंदु काबरा, साधना बडगोती, शशि भराडिया, स्वाति जैन, रेखा माहेश्वरी, वीरबाला शर्मा ,निशा गर्ग आदि मौजुद थें।

# अर्पण अभियान

भारत विकास परिषद् शाखा गुलाबपुरा, भोजरास व सिंघावल द्वारा अर्पण अभियान के अन्तर्गत सदस्यों के पास अनुपयोगी कम्बल, स्वेटर, जर्सी, कोट आदि अनुपयोगी गर्म वस्त्र एकत्र करके, उन्हें व्यवस्थित कर दूर दराज के गांवों में जरूरतमंदों को 300 ऊनी कंबलों व 752 गर्म वस्त्रों का वितरण किया। माण्डल व केकड़ी शाखा द्वारा लगातार काढ़ा वितरण किया जा रहा है।

भारत विकास परिषद् बांदनवाड़ा शाखा द्वारा सेवा प्रकल्प के तहत् प्रतिदिन चिकित्सालय में रोगियों को अल्पाहार कराते हैं और उनकी कुशल क्षेम पूछते हैं। अल्पाहार की व्यवस्था परिषद् के सदस्य स्वैच्छिक रूप से स्वयं बढ़-चढ़कर कर रहे हैं। सदस्यों में सक्रियता बढ़ाने और सेवा का भाव बनाए रखने में प्रकल्प अत्यंत सार्थक सिद्ध हो रहा है।







# नेत्रदान :

**सत्र 2020-21 में राजस्थान (मध्य) प्रान्त की शाखाओं के सदस्यों की प्रेरणा से 3 जोड़ा नेत्रदान करवाया गया।**



बांदनवा शाखा द्वारा
श्रीमान् टीकमचंद जी ललवानी
पिता श्री रामसिंह जी ललवानी
का मरणोपरान्त
नेत्रदान करवाया गया।
21 जनवरी 2021



केकड़ी शाखा द्वारा
श्रीमान हरिप्रसाद जी झँवर
का मरणोपरान्त
नेत्रदान करवाया गया।
29 जनवरी 2021



किशनगढ़ मुख्य शाखा द्वारा
सुश्री मुनियां माहेश्वरी
सुपुत्री श्री श्यामसुन्दर माहेश्वरी
का मरणोपरान्त नेत्रदान।
24 मार्च 2021



## रक्तदान - जीवनदान

कोरोना महामारी के कारण संकट काल में रक्त की कमी से जूझते हुए अस्पतालों को मानव सेवार्थ सहायता हेतु राजस्थान मध्य प्रांत की 20 शाखाओं द्वारा 66 विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें सदस्यो के अथक प्रयासों से 4899 रक्त युनिट एकत्र कर मानव सेवा के इस अभिनन्दनीय कार्य में सहयोग प्रदान किया। विशेषकर जहाजपुर शाखा द्वारा 14 शिविरों में 1122 युनिट रक्त संग्रहण किया।






**शिविर में महिलाओं ने दिखाया उत्साह, 155 यूनिट रक्तदान**

मांडल@पत्रिका भारत विकास परिषद के तत्वावधान में रविवार को गजानन्द सोनी व गोवर्धन लाल सोनी की पुण्यतिथि नीलकंठ महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित रक्तदान शिविर में 155 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। अध्यक्ष विनोद सोनी ने बताया कि रामप्रियेरेही चिकित्सालय के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाविप के जिलाध्यक्ष किशोर गौतम, सचिव शिवम प्रहलादका, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक श्याम बिहारी, सरपंच संजय भण्डिया, नायब तहसीलदार शंकरलाल बलाई, पवन मंडोवरा, जगदीश बैरवा, वार्ड पंच कालू जाट, फतहलाल जीनगर सहित कई लोग मौजूद थे। शाम को शाखा इकाई की नवीन कार्यकारणी को शपथ दिलाई गई।

हुरड़ा. भारत विकास परिषद शाखा गुलाबपुरा द्वारा तेजल सेना के सौजन्य से अमर शहीद भगत सिंह की पुण्य स्मृति में रक्तदान का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ भामाशाह रतनलाल काबरा, संरक्षक सत्यनारायण अग्रवाल, केडी मिश्रा, प्रांतीय पदाधिकारी किशोर राजपाल, अध्यक्ष सुधीर शर्मा, सचिव अरुण जैन, कोषाध्यक्ष राहुल काबरा, शिव कुमार टेलर और तेजल सेना के अध्यक्ष मनीष जाट द्वारा किया गया। रक्तदान प्रेणता राजें माहेश्वरी, पंचायत समिति हुरड़ प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़ शिविर में पहुंचकर रक्त वीरों उत्साहवर्धन किया। इस अव पर परिषद के संपत व्यास, पिं शर्मा, मंजू लखारा, विज वैष्णव, सुनीता जांगिड़ समूह गजराज जाट मौजूद







र में 91 रक्तवीरों ने किया ब्लड डोनेट

मांडल में रविवार को आयोजित शिविर में रक्तदान करते हुए।

को श्रद्धांजलि देने के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन वृंदावन भवन बस स्टैंड हुरड़ा पर किया गया। शहीद भगत सिंह के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भामाशाह रतन लाल काबरा, संरक्षक सत्यनारायण अग्रवाल, केडी मिश्रा, प्रांतीय पदाधिकारी किशोर राजपाल, अध्यक्ष सुधीर शर्मा, सचिव अरुण जैन, कोषाध्यक्ष राहुल काबरा, शिव कुमार टेलर और तेजल सेना के अध्यक्ष मनीष जाट द्वारा शिविर का शुभारंभ किया। रक्तदान प्रेणता राजेंद्र माहेश्वरी, पंचायत समिति हुरड़ा प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़ ने शिविर में पहुंचकर रक्त वीरों का उत्साहवर्धन किया। सर्वप्रथम सचिव अरुण कुमार जैन एवं अमित आत्रे ने रक्तदान किया। इस अवसर पर परिषद के संपत

शहीदों की स्मृति में किया 153 यूनिट रक्तदान

अराई। भारत विकास परिषद के तत्वावधान में पुलवामा के शहीदों की स्मृति में रविवार को रक्तदान शिविर में 153 यूनिट रक्तदान किया गया। शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं किशनगढ़ यज्ञनारायण चिकित्सालय की टीम ने सेवा दी। विधायक सुरेश टांक ने कहा कि रक्तदान महादान के बराबर होता है। रक्त को कृत्रिम तरीके से नहीं बनाया जा सकता है। इसे मानव शरीर से लेकर गम्भीर घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है।

कार्यक्रम की शुरूआत अराई [illegible] के महंत डा. रामप्रकाश रामस्नेही ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में श्रीराम सेवा समिति, पेंशनर्स समाज, बावड़ी के बालाजी सेवा समिति, प्रेस क्लब सहित कई सामाजिक संस्थाओं ने सहयोग किया। यज्ञनारायण चिकित्सालय के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अनिल जैन ने बताया कि रक्तदान से रक्त कणिकाओं में नवीन सर्जन होता है। जिससे स्वास्थ्य बेहतर होता है। शिविर में शैतान पूनिया, मुकेश कलावत, अविनाश दाधीच, रामअवतार विजयवर्गीय, कैलाश पोरवाल, चन्द्रकिरण पोरवाल, रमेशचन्द्र शर्मा, चन्द्रप्रकाश शर्मा, रोहित टेलर, लक्ष्मीनारायण सोमाणी, कैलाश ओझा, कमल मेहता, दीपक व्यास, महेन्द्र गोस्वामी, दीपेन्द्र सिंह, प्रकाश सिंधी, रूपनारायण टेलर, जितेन्द्र कुलरिया, मुकेश शर्मा, नन्दकिशोर माली, राधाकिशन गुर्जर, कुलदीप सिंह, अल्पा ओझा, भूपेन्द्र सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

अराई। शिविर में सदस्यों के साथ विधायक सुरेश टांक।






## श्री महेश जाजू

**कर्मवीर**



श्री महेश जी जाजू भारत विकास परिषद् प्रताप शाखा भीलवाड़ा के सदस्य हैं और वर्ष 2002 से परिषद् से जुड़े हुए हैं। महेश जी जाजू ने भीलवाड़ा रक्तदान के लिए जागृति लाने में अहम भूमिका निभाई है। आप दूसरों को रक्तदान के लिए तो प्रेरित करते ही हैं स्वयं ने भी अब तक 46 बार रक्तदान कर मानव सेवा हेतु अद्‌भुत योगदान दिया है। आप की प्रेरणा से ही भीलवाड़ा शहर में प्रतिवर्ष में 10 से 12 रक्तदान शिविरों का आयोजन परिषद् द्वारा किया जाता है और परिणाम स्वरूप भीलवाड़ा शहर मेंअब रक्त की कमी ना के बराबर रहती है। इसके अलावा भी त्वरित रक्तदान में भी आपकी अहम भूमिका रहती है। शहर के लगभग सभी चिकित्सालय में जब भी रक्त की आवश्यकता पड़ती है तो आप रक्तदाताओं से संपर्क कर त्वरित रक्तदान करवातें हैं।

इस कोरोना की महामारी में भी 32 यूनिट त्वरित रक्तदान के माध्यम से रक्तदान करवाया है और 3 व्यक्ति द्वारा आप ही की प्रेरणा से प्लाज्मा दान भी किया है। इन विषम परिस्थितियों में आपकी प्रेरणा से प्रत्येक रविवार को नि:शुल्क दवा वितरण भारत विकास परिषद् प्रताप शाखा भीलवाड़ा द्वारा किया जाता है।

मानव सेवा के संकल्प से भारत विकास परिषद् प्रताप शाखा भीलवाड़ा ही नहीं अपितु संपूर्ण परिषद् परिवार गौरवान्वित हुआ।

**ज़मीर जिन्दा रख, कबीर जिंदा रख,**
**सुल्तान भी बन जाए तो दिल में फकीर जिन्दा रख।**
**हौंसले के तरकश में कोशिश का वो तीर जिंदा रख,**
**हार जा चाहे जिंदगी में सब कुछ, मगर फिर से जीतने की उम्मीद जिंदा रख॥**

# राष्ट्रीय बालिका सप्ताह-उड़ान



भारत विकास परिषद् राष्ट्रीय बालिका दिवस को विशेष रूप से राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के रूप में मनाया। बेटियों के अधिकारों के प्रति जागरुक करना व बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना हेतु उड़ान सप्ताह में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन17 जनवरी से 22 जनवरी 2021 किये गये, जिनका मुख्य उद्देश्य बेटियाँ बड़ी होकर शारीरिक, आर्थिक, मानसिक व भावनात्मक रूप से आत्मनिर्भर व सक्षम बन सकें।

उड़ान सप्ताह के अन्तर्गत 17 जनवरी–रविवार को 10 से 18 वर्ष की बेटियों का हीमोग्लोबिन टेस्ट करवाया गया व एनीमिया के बारे में समझाया, इसके परिणामों के बारे में बताना और सुझाव से अवगत करवाया, साथ ही बेटियों का नाम, उम्र, वजन और लंबाई एवं फोन नंबर भी लिये गये, ताकि उनका जरूरत अनुसार पुनः टेस्ट लिया जा सके। 18 जनवरी– सोमवार को उनको गुड़, चना, लोहे की कढ़ाई एवं स्टेशनरी इत्यादि का वितरण व नगर के चिकित्सालय में बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाते हुए उपहार वितरण किये गये। 19 जनवरी– मंगलवार को संस्कारित बेटियाँ महकता घर आँगन, राष्ट्र के उत्थान में बेटी बढ़ाओ बेटी पढ़ाओ, शिक्षित कन्या है वरदान विषय पर स्किट/नृत्य नाटिका/भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 20 जनवरी– बुधवार को बेटियों को स्वेटर/गर्म वस्त्र वितरण किये गये। 21 जनवरी–गुरूवार को समापन दिवस को संस्कार शाला के रूप में आयोजित किया, जिसमें परिषद की गरिमा के अनुरूप ज्ञानवर्धक कार्यक्रम, शिक्षा, खेलकूद, सांस्कृतिक आदी क्षेत्र में सम्मान दिलाने वाली बेटियों को सम्मानित करने के कार्यक्रम किये गये।


भारत विकास परिषद का साप्ताहिक सप्ताह


नेशनल चाइल्ड वीक में कल से कई कार्यक्रम


'बेटी है तो सृष्टि है' की थीम पर भाविप की 'उड़ान' का आगाज

भाविप की 1500 शाखाएं मना रही राष्ट्रीय बालिका सप्ताह








20 बालिकाओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट



















| दिनांक | कार्यक्रम विवरण | अजमेर | | भीलवाड़ा | | प्रांत योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | शाखा संख्या | लाभान्वित बालिकाओं की संख्या | शाखा संख्या | लाभान्वित बालिकाओं की संख्या | शाखा संख्या | लाभान्वित बालिकाओं की संख्या |
| 16.01.21 | प्रेस नोट | 4 | – | 7 | – | 11 | – |
| 17.01.21 | हिमोग्लोबिन जांच | 4 | 142 | 7 | 187 | 11 | 329 |
| 18.01.21 | गुड़ चना,कढ़ाई, स्टेशनरी वितरित | 4 | 326 | 7 | 440 | 11 | 766 |
| 19.01.21 | स्किट / नृत्य नाटिका / भाषण | 5 | 80 | 7 | 30 | 12 | 110 |
| 20.01.21 | स्वेटर वितरण | 6 | 327 | 7 | 198 | 13 | 525 |
| 21.01.21 | संस्कार शाला | 4 | 474 | 5 | 181 | 9 | 655 |
| | कुल योग | | 1349 | | 1036 | | 2385 |

राष्ट्रीय बालिका सप्ताह उड़ान के अंतर्गत राजस्थान मध्य प्रांत की 15 शाखाओं द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन कर सहयोग प्रदान किया गया। विशेष रूप से 9 शाखाएं ऐसी थी जिन्होंने 16 तारीख से 21 तारीख तक के सभी कार्यक्रमों का आयोजन किया और 6 शाखाएं ऐसी थी जिन्होंने यथा संभव कार्यक्रम किए।






## खेलकूद सप्ताह

भारत विकास परिषद्, भीलवाड़ा शहर की पांचों शाखाओं के मध्य संपर्क सूत्र को बढ़ाने के हेतु हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजक शाखा आजाद, भीलवाड़ा द्वारा खेलकूद सप्ताह के तहत क्रिकेट प्रतियोगिता 21 जनवरी 2021 से कराई गई।

कार्यक्रम प्रभारी दिलीप ढांचा और प्रशांत खटोड़ ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भीलवाड़ा शहर की सभी शाखाओं की सहभागिता रही। प्रतियोगिता में परिषद परिवार के सदस्यों की कुल 4 टीमों ने भाग लिया, उनमे से प्रथम दो टीमों BVP Veer और BVP Kesri के मध्य फाइनल मुकाबला 24 जनवरी, रविवार को मोदी ग्राउंड, आर.सी.व्यास कॉलोनी पर खेला गया, जिसमे BVP Veer

ने 25 रनों से विजय प्राप्त की। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब प्रतीक पटवारी को दिया गया। विजेता टीम के कप्तान रघु सोडाणी एवं उनकी टीम को विजेता और उपविजेता टीम के कप्तान दिलीप जी ढांचा उनकी टीम को उपविजेता की ट्रॉफी दी गई।



## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद, आजाद शाखा,भीलवाड़ा द्वारा 8 मार्च से 14 मार्च 2021 तक महिला शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने हेतु अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर टैली एवं इंटरनेट के नि:शुल्क महिला प्रशिक्षण का शुभारंभ दिनांक 8 मार्च को दीप प्रज्वलन कर वंदेमातरम गान के साथ किया। कार्यक्रम प्रभारी एवं भीलवाड़ा कॉलेज संचालिका श्रीमती अमिता जी लोहिया ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए कुल 14 महिलाओं द्वारा रजिस्ट्रेशन करवाए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रांतीय पदाधिकारी श्रीमती अमृता जी उपाध्याय, भारती जी मोदानी, महिला प्रमुख विजया जी सोमानी, कल्पना जी सोनी उपस्थित थे।

भारत विकास परिषद, ब्यावर शाखा की महिला सदस्यों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इसके अंतर्गत महिला जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता से जुड़े विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन किया। महिलाओं ने समाज एवं परिवार में महिलाओं की भूमिका, पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को निर्णय लेने की आजादी कितनी, लिंग भेद मिटाने में अभिभावकों की भूमिका, बढ़ते तलाक के लिए माताएं कितनी जिम्मेदार आदि विषयों पर परिचर्चा की। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने समाज की निम्न वर्ग की महिलाओं के सशक्तिकरण का बीड़ा उठाया। साथ ही यह संकल्प लिया कि वे न केवल अपनी घरेलू महिला सहायकों को सरकारी योजनाओं के लाभ समझाकर उनकी पंजीकरण में सहायता करेंगी अपितु उनके रूचि एवं हुनर को कमाई का साधन बनाने में भी उनकी सहायता करेंगी। प्रकल्प प्रभारी श्रीमती अल्का माहेश्वरी व सह प्रभारी श्रीमती अनिता सर्राफ ने कार्यक्रम की बागडोर संभाली एवं मंच संचालन किया। बिजयनगर शाखा द्वारा महिला दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ भारती व स्वामी विवेकानन्द के समक्ष द्वीप प्रजलन करके वन्देमातरम् गायन से कि गई। समारोह के मुख्य अतिथि प्रेमलता जी साण्ड ने अपने उद्बोधन में कहाँ कि सभी को मानव सेवा करने के लिए आगे आना चाहिए। बिजयनगर व बरल में अलग-अलग क्षेत्रों में विशेष काम करने वाली 25 महिलाओं का तिलक लगाकर, माला पहनाकर व मोमेन्टों भेंट कर सम्मान किया गया। दीपमाला तलेसरा महिला प्रमुख ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शाखा गंगापुर की महिला सदस्यों द्वारा राजकीय चिकित्सालय जाकर 11 प्रसूताओं को ओपरना ओडा कर स्वागत किया गया तथा उन्हें गुड़ गोला हैंड सेनीटाइजर, फेस मास्क तथा उनकी नन्ही परियों के लिए पोशाक वितरित की गई व उनके साथ आई 5 बालिकाओं को स्टेशनरी वितरित की गई। राजकीय चिकित्सालय मे दो वरिष्ठ




कर्मचारियों को शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया तत्पश्चात महिला दिवस पर आनन्द भवन में महिला गोष्टी का आयोजन किया जिसमें गंगापुर क्षेत्र की विभिन्न संगठनों की जागृत महिलाओं को आमंत्रित किया। सोमिला इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाध्यापिका नूतन जी, माली समाज से दया माली, अग्रवाल समाज से श्वेता लोहिया, माहेश्वरी समाज से हंसा बहेड़िया, अन्य समाज से किरण सोनी व ट्विंकल पिछोलिया जी सम्मिलित हुए। अतिथियों ने महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण, महिलाओं में जागरूकता, महिलाओं को शिक्षित व आत्म निर्भर करने के विषय पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। परिषद परिवार की समस्त महिलाओं के सहयोग से महिला दिवस पर एक जरूरतमंद महिला पूनम कुम्हार को सिलाई मशीन उपहार स्वरूप देकर व पुरानी बेडशीट से थेले बनवाने का कार्य उन्हें देकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया। राजसमंद शाखा की महिला सदस्यों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समाज एवं परिवार में महिलाओं की भूमिका पर परिषद सदस्य ममता मालू, निरुपमा धारिवाल के द्वारा लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, नीता सोनी, सरोज गट्टाणी एवं लता मादरेचा ने भी अपने विचार रखे।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर महिला सदस्यों द्वारा 'मुस्कुराहट' कार्यक्रम पुनः प्रारंभ किया। इसके अंतर्गत कच्ची बस्ती में जाकर वहां पर उपस्थित सभी छोटी बड़ी बालिकाओं को केक, वेफर्स, बिस्किट, चॉकलेट एवं 21 छोटी बालिकाओं को पोशाक उपहार स्वरूप देकर राष्ट्रीय बालिका दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाया व बस्ती वालों को महिला सदस्यों ने कोरोना महामारी के प्रति जागरूक व सतर्क रहने का संदेश दिया गया।

शाखा गंगापुर की महिला सदस्यों द्वारा नो टु प्लास्टिक अभियान के तहत पुरानी बेडशीट एकत्रित करके 500 थैले बनवाने का कार्य किया। परिषद् परिवार की महिलाओ द्वारा स्वयं थैलों का उपयोग करके अपने आसपास व जान पहचान वाले लोगों व क्षेत्र के सब्जी वाले फ्रूट्स वाले तथा गंगापुर क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर यह थैले बांटने का कार्य प्रारंभ किया। कार्यक्रम में महिला प्रमुख पूजा लोहिया, सदस्य उर्मिला मूंदड़ा, पिंकी पाठक, तारा चुंडावत, मधुबाला चेचानी, सुनीता लोसर, दीपिका सोनी, निशा समदानी, हंसा मूंदड़ा , रीना समदानी आदि महिलाएं उपस्थित थी।

# पदाधिकारियों के दायित्व

परिषद् के सदस्य वैसे तो सामूहिक दायित्व के साथ सम्पूर्ण कार्य करते हैं परन्तु जिन पर नेतृत्व करने का कार्यभार है उन पर विशिष्ट दायित्व आ जाता है। उनके कर्तव्य निम्न हो सकते हैं :-

**शाखा अध्यक्ष** – **1.** अध्यक्ष शाखा का प्रमुख होता है इसलिए प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करने का अधिकार उनका है। उनका कर्तव्य है कि वे सम्पूर्ण सदस्यों को अनुशासन में रखे और किसी भी प्रकार का विवाद न होने दें। यदि शाखा में कोई विवाद है तो सर्वसम्मत हल ढूंढ कर विवाद का समाधान करने का प्रयास करें। **2.** शाखा अध्यक्ष को परिषद् के सम्पूर्ण कार्यों में सक्रिय होना चाहिए और सदस्यों से सजीव सम्पर्क बना कर स्वस्थ सम्बन्ध बनाये रखना चाहिए। **3.** वे यह निरन्तर ध्यान रखेंगे कि शाखा परिषद् के उद्देश्य एवं विधान का परिपालन कर रही है या नहीं। विधान का पालन करने की उनसे भी अपेक्षा की जाती है। **4.** उनका कर्तव्य है कि वे प्रान्त से सम्पर्क बनाए रखें तथा केन्द्र एवं प्रान्त से प्राप्त निर्देशों का पालन करे। प्रान्त सम्बन्धित विभिन्न बैठकों एवं समारोहों जैसे प्रान्त कार्यकारिणी की बैठकें, राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता, भारत को जानो प्रतियोगिता, प्रान्त के वार्षिक अधिवेशन आदि में व्यक्तिगत रूप से भाग ले। **5.** शाखा के समारोह के मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता आदि की व्यवस्था करने में सहायता करना उनका कर्तव्य है। **6.** शाखा की गतिविधियों वेफ लिए धन संग्रह की व्यवस्था में अध्यक्ष को सक्रियहोना चाहिए। **7.** अध्यक्ष विभिन्न उप समितियों के पदेन सदस्य होंगे।

**उपाध्यक्ष** – **1.** शाखा अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्षों का कर्तव्य है कि वे उनके दायित्वों का पालन करें। **2.** इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकल्प का कार्यभार इनको दिया जा सकता है। **3.** समारोहों एवं कार्यक्रमों के अवसर पर व्यवस्था सम्बन्धी जैसे : सहभोज की व्यवस्था/ पाण्डाल की व्यवस्था/ नये सदस्य बनाने की समिति का प्रमुख/उपस्थिति समिति का प्रमुख का कोई भी कार्यभार इन्हें दिया जा सकता है।

**शाखा सचिव** – **1.** शाखा का सचिव शाखा का मुख्य अधिकारी होता है। शाखा में होने वाले सम्पूर्ण कार्यक्रम उनके नेतृत्व और देख-रेख में ही होते हैं। उनका कर्तव्य है कि वे शाखा की सम्पूर्ण गतिविधियों का संचालन अध्यक्ष से परामर्श लेकर करे। **2.** सचिव का दायित्व है कि शाखा के अध्यक्ष की सलाह से विभिन्न बैठकों (कार्यकारिणी, सामान्य एवं सामाजिक कार्यक्रमों/प्रकल्पों) सम्बन्धी बैठकों की लिखित सूचना सदस्यों को भेजे। **3.** बैठक सम्बन्धी सूचना में एजेन्डाअवश्य लिखा जाना चाहिए। इसक अतिरिक्त सभा स्थल, तिथि एवं समय की सूचना होनी चाहिए। **4.** सचिव इस बात पर विशेष ध्यान दें कि वे कार्यकारिणी एवं सामान्य बैठक की कार्यवाही को रजिस्टर में अवश्य लिखें तथा अगली बैठक में उसकाअनुमोदन करवाएं। **5.** प्रत्येक बैठक के संचालन करने का दायित्व सचिव का है। **6.** वर्ष के प्रारम्भ में ही कार्यकारिणी की बैठक में पूरे वर्ष के कार्यक्रमों की योजना प्रस्तुत करना और उसके अनुसार कार्य करना सचिव का दायित्व है। **7.** सचिव को चाहिए कि वर्ष भर के कार्यक्रमों का दायित्व प्रकल्प प्रमुखों को सौंपें। कार्य को बांट कर ही सचिव को चुप नहीं बैठना चाहिए अपितु विशेष ध्यान देने योग्य बात यह है कि समय के अनुसार पदाधिकारियों, प्रकल्प प्रमुखों एवं सदस्यों से तालमेल बनाकर सम्पूर्ण कार्य की व्यवस्था की देख-रेख करे। **8.** प्रान्त से सम्बन्धित विभिन्न बैठकों और कार्यक्रमों में भाग लेना सचिव के लिए अनिवार्य है। **9.** बैठकों या सामाजिक समारोहों की

पूर्व तैयारी करना व सामग्री एकत्रकरना सचिव का महत्वपूर्ण कार्य है। **10.** महत्वपूर्ण बिन्दु- पत्र व्यवहार - परिषद् में पत्र व्यवहार का कार्य दो प्रकार का होता है।

**1.** शाखा से सम्बन्धित - **2.** प्रान्त एवं केन्द्र से सम्बन्धित

शाखा से सम्बन्धित जैसे बैठकों की सूचना आदि, यदि सचिव पर बहुत अधिक कार्यभार है तो एक सहसचिव को भी यह कार्य सौंपा जा सकता है। परन्तु प्रान्त से पत्र व्यवहार सचिव द्वारा ही होना चाहिए जैसे :- ☛ प्रान्त को मासिक रिपोर्ट भेजना :-सचिव को चाहिए कि वह प्रत्येक मास की अंतिम तारीख को प्रान्त द्वारा निर्धारित परफोरमा पर शाखा में मास भर में किये गये कार्यक्रमों का विवरण अवश्य भेजें। शाखा की प्रगति और प्रान्त द्वारा उसकी देखभाल की दृष्टि से भी रिपोर्ट भेजना आवश्यक है। शाखा सचिव द्वारा मासिक प्रतिवेदन अगले माह की 7 तारिख तक प्रान्तीय वेबसाइट www.bvprajcentral.org पर अपलोड़ किया जाना अपेक्षित है। ☛ 'नीति' में रिपोर्ट भेजना :-केन्द्र की ओर से 'नीति' पत्रिका छपती है, शाखा सचिव का कर्तव्य है कि वह प्रत्येक मास के प्रकल्पों की संक्षिप्त आलेख फोटो सहित नीति में छपने के लिए भेजे। ☛ सचिव को चाहिए कि शाखा में अगले वर्ष के चुनाव होते ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के नाम पते व दूरभाष नं. की सूचना शीघ्रातिशीघ्र प्रान्त को भेज दें।

**11.** केन्द्र एवं प्रान्त से प्राप्त निर्देशों का स्वयं पालन करना एवं सदस्यों से पालन करवाना सचिव का कर्तव्य है। **12.** सचिव का यह भी दायित्व है कि वह शाखा के सम्पूर्ण सदस्यों के नाम वपतों की सूची (पिन कोड नं. सहित) प्रान्त एवं केन्द्र को भेजे या प्रान्तीय एवं केन्द्र वेबसाइट पर अपलोड करे। यदि शाखा में वर्ष के बीच में सदस्य बनते हैं तो उनके पते भी तुरन्त प्रान्तीय कार्यालय को भेज देने चाहिए, जिससे प्रान्तीय महासचिव शाखा सदस्यों की सूची केन्द्र को भेज सके। सचिव के सहयोगी के रूप में दो सह सचिवों का चयन किया जा सकता है। इसलिए सचिव के कार्यभार को दोनों सह सचिवों में अवश्य विभाजित किया जाना चाहिए। इस दृष्टि से निम्न सुझावों पर विचार किया जा सकता है :-

**सहसचिव**- 1 - 1. एक सहसचिव को शाखा सदस्यों से पत्राचार का कार्य दिया जा सकता है, जैसे सम्पूर्ण बैठकों (कार्यकारिणी, सामान्य एवं सामाजिक कार्यक्रमों) आदि की लिखित सूचना भेजना। **2.** जन्मदिन, दाम्पत्य सूत्र बन्धन अथवा समारोह के अवसर पर बधाई कार्ड भेजना। शोक के अवसर पर शोक सन्देश भेजना आदि। **3.** नगर के गणमान्य व्यक्तियों की सूची बनाकर उनको निमंत्रण पत्र, नवसंवत्सर, दीपावली कार्ड आदि भेजना। **4.** जिनसे शाखा के लिए सहयोग राशि प्राप्त हुई हो उनको धन्यवाद पत्र भेजना। शाखा के कार्यक्रमों में आंमंत्रित अध्यक्ष, मुख्य अतिथि आदि को धन्यवाद पत्र भेजना। **5.** स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को शाखा की गतिविधियों की रिपोर्ट भेजना। **6.** सदस्यता फार्म की फाइल रखना।

**सहसचिव**-2 दूसरे सहसचिव को शाखा की सामग्री छपवाने का कार्य दिया जा सकता है। जैसे:- **1.** लेटर-हेड़ की छपाई (शाखा के सहसचिव को चाहिए कि शाखाओं में एक रूपता लाने के लिए केन्द्र/प्रान्त द्वारा भेजे गये प्रारूप के अनुसार अपना लेटर-हेड़ छपवाए) **2.** निमंत्रण पत्र, नवसंवत्सर के कार्ड, अभिनन्दन पत्र आदि छपवाना। **3.** विभिन्न कार्यक्रमों के प्रचार हेतु समाचार पत्रों में देने वाले पत्रकों को छपवाना। **4.** बैनर बनवाना आदि।

**शाखा कोषाध्यक्ष** - **1.** शाखा कोषाध्यक्ष का कर्तव्य है कि वह शाखा के आय-व्यय के लेखा-जोखा को व्यवस्थित रखे। **2.** शाखा अपने सदस्य से वार्षिक सदस्यता शुल्क प्राप्त करेगी। जिसका निर्धारण शाखा अपनी परिस्थितियों और आवश्यकता के अनुसार करेगी। कोषाध्यक्ष को शाखा सदस्यों से 10-15 अप्रैल तक सदस्यता शुल्क अथवा नवीनीकरण शुल्क संग्रहित कर लेना चाहिए। सदस्यों से सम्पर्क करने का भी यह अच्छा अवसर होता है। **3.** यदि सदस्य के प्रवेश के समय प्रवेश शुल्क लिया जाता है तो उसे शाखा के दिन प्रतिदिन के आवर्ती व्ययों में प्रयोग न किया जाए, इस धनराशि से शाखा का पूंजीगत कोष बनाना चाहिये और पूंजीगत कार्यों में ही इसका प्रयोग किया जाना चाहिए। **4.** केन्द्र एवं प्रान्त का वार्षिक शुल्क रुपये 500/-(केन्द्र अंश रुपये 250/-और प्रान्त अंश रुपये 250/-) प्रति सदस्य होता है। यह राशि ड्राफ्ट या चैक द्वारा प्रान्तीय कोषाध्यक्ष को भेजना शाखा कोषाध्यक्ष का दायित्व है। **5.**कोषाध्यक्ष का कर्तव्य है कि वह वर्ष के प्रारम्भ में ही कार्यकारिणी की बैठक में शाखा में वर्ष भर में होने वाले आय-व्यय का बजट बनाकर कार्यकारिणीके समक्ष प्रस्तुत करे। **6.** कोषाध्यक्ष को चाहिए कि वह किसी भी बैंक में संयुक्त खाता खोले। खाते का संचालन भी संयुक्त होना चाहिए। लेन-देन पर कोषाध्यक्ष के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है, अध्यक्ष या सचिव में से किसी एक के हस्ताक्षर हो सकते हैं। इसके लिए कार्यकारिणी में एक प्रस्ताव पारित करवाना आवश्यक है। **7.** बैंक खाते में केन्द्र के पैन का उपयोग नहीं करना चाहिए। शाखाAOP (Association of Person) के रूप में अपना पैन कार्ड आयकर विभाग से अवश्य लेवें। बैंक खाते में KVC norms को पुरा करने हेतु PAN Card अनिवार्य कर दिया गया है। **8.** AOP का प्रारूप प्रान्तीय वेबसाइट/केन्द्रिय वेबसाइट पर उपलब्ध है। कोषाध्यक्ष का कर्तव्य है कि वह शाखा प्रारूप का उपयोग कर अपना AOP प्रारूप बनाये और प्रान्त को अनुमोदन हेतु भेजें। प्रान्तीय अनुमोदन के बाद पैन कार्ड लिया जा सकता है। **9.** शाखा सदस्यता शुल्क को ही बैंक में जमा करवायें, अन्य सहयोग राशि अथवा दान राशि को शाखा ट्रस्ट के माध्य से ही प्रयोग करें। यदि शाखा के पास अपना ट्रस्ट नहीं है तो प्रान्तीय ट्रस्ट के माध्यम से सहयोग राशि जमा करवा कर प्रयोग कर सकते हैं। **10.** बैलेन्स शीट में सेवा/संस्कार के प्रकल्पों का सारा खर्चा दें अर्थात् प्रकल्प से सम्बन्धित स्टेशनरी, चाय, यात्रा, दूरभाष आदि सम्पूर्ण व्यय को उसी प्रकल्प के खर्चे में डालें। **11.** कोषाध्यक्ष को कोशिश करनी चाहिए कि सभी भुगतान, कच्चे या पक्के किसी भी प्रकार के बिल से करें। **12.** कोषाध्यक्ष को शाखा की रसीद बुक अवश्य छपवाकर रखनी चाहिए और प्राप्त राशि की रसीद देनी चाहिए। **13.** कोषाध्यक्ष को रसीद बुक, रजिस्टर, एकाउन्टस् बुक आदि अभिलेखों को अपने पास सुरक्षित रखना चाहिए और अपने कार्यकाल की समाप्ति पर नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष को सौंप देनी चाहिए। **14.** कोषाध्यक्ष का यह महत्वपूर्ण दायित्व है कि वह वर्ष के अन्त में बैलेन्स शीट बनाकर ऑडिटर से जाँच करवाकर कार्यकारिणी में पारित करवाएं और उस पर शाखा अध्यक्ष एवं सचिव के हस्ताक्षर सहित ऑडिट की हुई बेलेंस शीट की प्रतिलिपि प्रान्तीय कोषाध्यक्ष को अवश्य भेज दे। **15.** कोषाध्यक्ष का दायित्व है कि वह गत वर्षों के अनुभवों और सदस्यों के सुझावों से शाखा में किये जाने वाले प्रत्येक प्रकल्प और कार्यक्रमों का बजट तैयार करें, कार्यक्रमों/प्रकल्पों पर खर्च होने वाली राशि के संग्रह करने की योजना सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत करे और कार्यक्रम के पुरा होने के बाद खर्चों की समीक्षा अवश्य करें।

# अभिलेख व्यवस्था

शाखा को सुचारू रूप से संचालन तथा प्रान्तीय स्तर पर निरीक्षण की दृष्टि से निम्न रिकार्ड व्यवस्थित रूप में रखा जाना वांछनीय है:- **1. सदस्यता रजिस्टर**:- इनमें सभी सदस्यों के दम्पति के रूप में नाम, पूर्ण पता, दूरभाष नं. इत्यादि हो। यदि नवीन सदस्य है तो सदस्यता ग्रहण की तिथि का उल्लेख रहना चाहिए। यदि कोई सदस्य अपनी सदस्यता जारी नहीं रखना चाहता हैं तो उससे लिखित में आवेदन पत्र लेना चाहिए और कार्यकारिणी में उसे प्रस्तुत कर निर्णय लिया जाना चाहिए। **2. सूक्ष्म रजिस्टर**:- प्रत्येक शाखा को कार्यकारिणी सभा एवं सदस्यों कर सामान्य सभा के सूक्ष्म का रजिस्टर अनिवार्य रूप में रखना चाहिए। इससे निर्णयों को लिखित रूप में रखने की व्यवस्था बनती है और शाखा के संचालन को उन निर्णयों के सन्दर्भ में नियमबद्ध बनाये रखा जा सकता है। सूक्ष्म रजिस्टर में सभा में उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिए तथा प्रत्येक सभा के सूक्ष्म की सम्पुष्टि अगली सभा में अवश्य कराई जानी चाहिए। सार्वजनिक कार्यक्रमों की कार्यवाही को सूक्ष्म रजिस्टर में नहीं लिखा जाता। **3. कार्य संचालन अभिलेख**:- इस रजिस्टर में शाखा का कार्य संचालन माहवार एवं तिथिवार लिपिबद्ध किया जाना चाहिए। जिनमें शाखा द्वारा किया गया प्रत्येक आयोजन, लिये गये प्रत्येक निर्णय एवं चलाई गई प्रत्येक परियोजना का उल्लेख होना चाहिये। इसे वर्ष के अन्त में Branch at a glance कहा जा सकता है। **4. स्टॉक रजिस्टर**:- प्रत्येक शाखा को एक स्टॉक रजिस्टर रखना चाहिए जिसमें सभी स्थाई सम्पतियों (भवन, फर्नीचर, साज-सामान) एवं कार्य संचालन में निरंतर कार्य आनेवाली गैर उपभोग्य वस्तुओं (चार्टर, लाउड स्पीकर, मूर्ति, बैनर, दीपक, क्रॉकरी, स्मृति चिन्ह इत्यादी) का स्टॉक रहना चाहिए। यह रजिस्टर प्रत्येक वर्ष नवीन पदाधिकारीयों को कार्यभार सौंपते समय हस्तान्तरणीय रहेगा। **5. सदस्यता फार्मों की फाइल। 6. पत्र व्यवहार की फाइल। 7. केन्द्र, क्षेत्र एवं प्रान्त से प्राप्त परिपत्रों की फाइल। 8. रोकड़ पुस्तक, बैंक की चैक बुक, तथा पास बुक** (यह तीनों रिकार्ड कोषाध्यक्ष के पास रहने चाहिये) **9. शाखा की आयकर रिर्टन फाइल। 10. विभिन्न परियोजनाओं की फाइलें।**

**आने वाले पदाधिकारी को निवर्तमान पदाधिकारी द्वारा सौंपना और प्रभार लेना** -

**1.** निवर्तमान पदाधिकारी सभी अभिलेखों को आने वाले पदाधिकारी को 1 अप्रैल से सकारात्मक रूप से सौंपना होगा। **2.** निवर्तमान अध्यक्ष सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे की शाखा के सभी रिकॉर्ड और खाते पूरी तरह से आने वाले पदाधिकारी को सौंप दिए जाते हैं।

**3.** भारत विकास परिषद् नियमन 11 के अनुसार, संबद्ध सदस्य (AOP) या शाखा के खाते को ऑडिट करवाना होगा और लेखा परीक्षितों की प्रति प्रांतीय वित्त सचिव को प्रस्तुत की जाएगी । निवर्तमान पदाधिकारी खातों की ऑडिट कराने में हर मदद के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे। ऑडिट के दौरान पाई गई किसी भी विसंगति, अनियमितता और उपस्थीति के मामले में, किसी भी नुकसान के लिए निवर्तमान पदाधिकारी पूरी तरह से उत्तरदायी होंगे। **4.** यदि निवर्तमान पदाधिकारी को निर्धारित समय में नए पदाधिकारी को अभिलेखों और बही खातों को सौंपने में कोई कठिनाई होती है तो उन्हें इसे लिखित रूप में आने वाले अध्यक्ष के ध्यान में लाना चाहिए और 15 दिनों की अवधि तक विस्तार प्राप्त करना चाहिए। **5.** यदि कोई सदस्य कार्यभार नहीं सौंपने का दोषी पाया जाता है तो वह भारत विकास परिषद के किसी भी स्तर पर एक पदाधिकारी के रूप में निर्वाचित होने के योग्य नहीं होगा।




नव निर्वाचित प्रान्तीय पदाधिकारी व प्रान्तीय परिषद् बैठक




सुभाष शाखा प्रथम (शहरी)




जालिया द्वितीय शाखा प्रथम (ग्रामीण)




ब्यावर शाखा द्वारा रक्तदान शिविर




सिंघावल शाखा द्वारा रक्तदान शिविर



भोजरास शाखा दायित्व ग्रहण




अजयमेरु शाखा दायित्व ग्रहण



उड़ान सप्ताह - बेटी है तो सृष्टि है कार्यक्रम